हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार 8 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 37.5 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री



## खबर संक्षेप

### सट्टा खिलाने वाले को पुलिस ने पकड़ा



**भिलाई।** सट्टा का संचालन करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि नंदिनी नगर के अंतर्गत ग्राम डोंगरिया तालाब किनारे अवैध रूप से सट्टा संचालन किए जाने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने ग्राम रवेलीडीह वार्ड 9 नंदिनी निवासी सहिर खान को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने नगद 7,995, दो मोबाइल, कार, सट्टा पट्टी जब्त किया है। दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील करती है कि अवैध सट्टा, ऑनलाइन सट्टा, अन्य अवैध गतिविधियों से दूर रहने की सलाह दी गई है।

### बीएसपी में ठेका श्रमिक की तबीयत बिगड़ी, मौत

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में एक ठेका मजदूर की ड्यूटी के दौरान मौत हो गई है। उसकी बीती रात अचानक से तबीयत बिगड़ी। बेचैनी की शिकायत होने पर उसे आराम करने को कहा गया। लेकिन तबीयत नहीं सुधरने पर उसे मेन मेडिकल पोस्ट ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शव को सेक्टर 9 हॉस्पिटल की मरच्यूरी में रखा गया है। आशंका जताई जा रही है कि हार्ट अटैक से मृत्यु हुई है। स्टील मेल्टिंग शॉप एसएमएस 3 के प्रोटेक्टिव जनरल इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड का 42 वर्षीय मजदूर बृजेश कुमार की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है। एसएमएस 3 के कार्मिकों के मुताबिक रात में उसकी तबीयत खराब हुई।
हॉस्पिटल ले जाने के लिए दो सह मजदूर गाड़ी पर ले जाने लगे। लेकिन वह गिर पड़ा। मृतक जुनवानी निवासी है और वह इलेक्ट्रिकल का काम करता था थे। सेक्टर 4 के सड़क 14 से ड्यूटी जाना-जाना कर रहा था। उसके पिता की भी तबीयत खराब है। मृतक श्रमिक का पोस्टमार्टम बुधवार को होने के आसार हैं।

# राज को भिलाई में खोजती रही पुलिस और वह पहुंच गया दुबई

## निरंकुश महादेव सट्टा : डांस करते वीडियो में नाचने नजर आने वालों की लंबी लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

ऑनलाइन महादेव सट्टा के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर का करीबी राज गुप्ता के भिलाई आने और सोशल मीडिया में पोस्ट वायरल होने के बाद मंगलवार को पुलिस उसे पूरे दिन खोजती रही। बावजूद पुलिस उस तक नहीं पहुंच पाई, इधर खबर है कि वह दुबई भाग गया है। महादेव बैटिंग ऐप का आरोपी राज गुप्ता भिलाई आने के बाद अपने करीबियों से मुलाकात कर रैली में डांस करने का वीडियो वायरल हुआ था। उस वीडियो में राज के साथ कई लोग डांस करते नजर आ रहे हैं। ऐसे सारे लोगों से पुलिस पूछताछ करेगी। इसके लिए लिस्ट तैयार की जा रही है। पुलिस इन लोगों से राज गुप्ता और महादेव सट्टा से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाने की तैयारी में है। इसके अलावा उनके सोशल मीडिया अकाउंट भी खंगाले जा रहे हैं। राज गुप्ता के आने की खबर से उसके गुर्गों में 2 अप्रैल के पहले से हलचल थी।



उसकी तैयारी में उसके गुर्गे एयरपोर्ट से लेकर भिलाई तक अगुवाई करते रहे। लेकिन पुलिस को इसे लेकर कोई जानकारी नहीं मिल पाई। खबर यह भी है कि राज गुप्ता रैली में शामिल होने के अलावा दुबई ले जाने के लिए युवकों को तैयार करने के लिए भिलाई आया हुआ था। इसमें कई मोबाइल दुकान और कपड़ा दुकान में काम करने वाले युवकों से संपर्क किया। बकायदा इन युवकों से राज की मुलाकात भी कराई गई। युवकों को पासपोर्ट तैयार करने की हिदायत दी गई है। अचानक से भिलाई-दुर्ग में पासपोर्ट बनाने वालों की संख्या इसके बाद बढ़ गई है।

### महादेव सट्टा के स्वामियों से जुड़े लोगों से की मुलाकात

जानकारी है कि महादेव सट्टे का प्रमोटर सौरभ चंद्राकर का करीबी राज गुप्ता भिलाई के महादेव सट्टा से जुड़े लोगों से मुलाकात की। राज की भिलाई में जमकर पूछपरख करने वाले की लाइन लगी हुई थी। इसके अलावा कुछ लोग ऐसे हैं जो अस्पताल में काम कर ऑनलाइन सट्टे में कूद गए हैं। अब अपने कारोबार को सुरक्षित करने राजनैतिक पार्टी की ओर रुख करने में जुट गए। पुलिस इन लोगों का लिस्टिंग भी तैयार कर रही है।आने वाले समय में कई नामो को खुलासा पुलिस कर सकती है। जिसमें कई चौकाने वाले नाम है।


■ मोहन नगर पुलिस ने दर्ज किया था अपराध ■ फरार आरोपी का वीडियो हो रहा वायरल
महादेव सट्टा के राज को देख पुलिस भी खा गई धोखा
सौरभ का करीबी रैली में घूमा और हो गया फरार
प्रकाशित खबर- 7 अप्रैल

### अब नेपाल से दुबई जाने की तैयारी

जानकारी है कि महादेव सट्टा के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर का करीबी राज गुप्ता भिलाई आकर ऑनलाइन सटोरियों पर मेहरबानी कर दी है। यहां से करीब दो दर्जन युवकों को काम पर ले जाने की सारी तैयारी कंप्लीट करके निकल गया। इनमें कई लोगों का पासपोर्ट तैयार नहीं हुआ है, जिसे कंप्लीट कर पहले नेपाल उसके बाद सीधे वहां से दुबई निकले की हिदायत दी गई है। छत्तीसगढ़ से सीधे तौर पर दुबई जाने वाले पुलिस रडार में आने पर सटोरिया ने अलग रास्ता अपनाया है। अब युद्ध के समाप्त होने के बाद पासपोर्ट वाले युवकों को दुबई आने का नियंत्रण मिला हुआ है।

### सट्टा का संचालन करने वाला धरा गया

जामुल पुलिस ने ग्राम खेदामारा नहर किनारे मैदान में ऑनलाइन सट्टा बीटभाई 9 के लिंक में सट्टा संचालन करते पुलिस ने पहले पुलिस ने तीन आरोपी को पकड़ा था। उनके पूछताछ के बाद पुलिस ने लेबर कैम्प वार्ड 8, जामुल निवासी मनिंदर सिंह तक पहुंची। मंनिदर सिंह के पास से पुलिस ने अवैध शराब, गांजा और सट्टा से जुड़े कई दस्तावेज मोबाइल, बैंक पासबुक, चेक, एटीएम, 35 बोतल शराब, 4 किलो 650 गांजा जब्त कीमत 2.32 लाख 500 रुपए है। जामुल पुलिस इसे लेकर पूछताछ करती रही उसके बाद ही ऑनलाइन सटोरिया को पुलिस ने पकड़ा है।





## रिसाली निगम में 223.51 करोड़ का अनुमानित बजट मंजूर

# गोबर गैस प्लांट, 30 बिस्तर अस्पताल, गोकुल नगर, पेयजल पर विपक्ष ने शहर सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

रिसाली नगर निगम का अनुमानित बजट 2026-27 को लेकर मंगलवार को विशेष सम्मेलन आयोजित हुआ। इस सम्मेलन में रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने अपने कार्यकाल का अंतिम बजट पेश किया। दोपहर 2.50 बजे शुरू हुई इस सम्मेलन शाम तक चली और 223.51 करोड़ का अनुमानित बजट अंगीकार कर लिया गया है।

सम्मेलन के दौरान दिलचस्प वाक्या यह रहा कि पूरे समय कांग्रेसी पार्षद चंद्रभान सिंह ठाकुर अपने ही शहर सरकार के खिलाफ मुखर रहे। विपक्ष ने शहर सरकार को पिछली बजट बैठक में प्रस्तावित गोबर गैस प्लांट की स्थापना, गोकुल नगर बसाने, 30 बिस्तर अस्पताल में महज 6 बिस्तर की सुविधाएं, पेयजल जैसे मुद्दों पर घेरा। इन मुद्दों पर शहर सरकार की एमआईसी और कांग्रेसी पार्षदों ने खामोशी अख्तियार कर ली। सभापति केशव बंछोर बजट में पार्षदों से अपने सुझाव जुड़वाने की अपील करते रहे लेकिन विपक्ष पिछले चार साल के प्रस्तुत बजट को धरातल पर नहीं उतारने के लिए महापौर और उनकी एमआईसी को कटघरे में खड़ी करती दिखाई दी।

### ईडब्ल्यूएस, प्लेसमेंट कर्मियों के पीएफ,ईपीएफ जैसे मुद्दे पर अपने ही सरकार के खिलाफ कांग्रेसी पार्षद ने खोला मोर्चा



### प्लेसमेंट कर्मी की मौत पर हंगामा

रिसाली निगम के प्लेसमेंट इलेक्ट्रीशियन रोशन की मौत पर विपक्ष ने हंगामा मचाया। भाजपा पार्षद विधि यादव ने तख्ती लेकर प्रदर्शन किया। उनके साथ मनीष यादव, गजेंद्र कोठारी, रमा साहू, डॉ. सीमा साहू सहित पूरे भाजपा पार्षद भी गर्भगृह में आकर बैठे और पीड़ित परिवार को मुआवजा व नौकरी दिलाने की मांग रखी। सभापति केशव बंछोर ने जांच करवाने संबंधित विभाग को हिदायत दी।

### चार साल का विपक्ष ने मांगा हिसाब

नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू ने बजट 2026-27 पर सदन में कहा कि चार साल की तरह इस बजट में भी कार्य नहीं होगा। रिसाली निगम के वार्डों को टैंकरमुक्त वार्ड बनाने की बात कही थी ये कहां हैं। 30 बिस्तर का अस्पताल में केवल 6 बिस्तर की सुविधाएं हैं। पिछले साल महज 3 डिलवरी यहां हुई। गोकुल नगर नहीं बसा पाए। गोबर की गंदगी से लोग परेशान हैं। मैत्रीकुंज में निगम की अधीन जमीन पर कब्जा कर लिया गया है। रसूखदारों ने रजिस्ट्री तक करवा ली और शहर सरकार देखती रही। धमेंद्र भगत ने चलित शौचालय, शव वाहन जैसी सुविधाएं नहीं देने पर शहर सरकार के बजट को ख्याली पुलाव बताया। भाजपा पार्षद सविता ढवस ने कहा कि तालपुरी में सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का टेंडर होने के बाद भी काम चालू नहीं करवा पाए।स्टेशन मरोदा वार्ड 21 की पार्षद ममता सिन्हा ने कहा कि मेरे वार्ड के बीच से 6 वार्डों की पानी निकासी होती है। बारिश में गंदा पानी लोगों के घरों में भर जाता है। बजट में इसमें क्या प्रावधान किया गया है।

### मेयर शशि सिन्हा की बजट रूपरेखा



- अधोसंरचना मद 13 .36 करोड़ से 182 निर्माण व विकास कार्य
- 15 वित्त आयोग मद से कुल 21.47 करोड़ के विकास कार्य
- 1.95 करोड़ से ओवर हेड टैंक निर्माण
- नगरोत्थान योजना से 3 .19 करोड़ से एसडब्लयूएम बॉयोटायलेट
- 17 .23 करोड़ से सड़क चौड़ीकरण व सौदर्यीकरण
- 3 .72 करोड़ से कपोस्ट प्लांट में नई मशीनरी
- 1.93 करोड़ से दशहरा मैदान सौंदर्यीकरण व बैडमिंटन कोर्ट निर्माण
- 4 .69 करोड़ से मैत्रीकुंज, डुंडेरा में जलापूर्ति हेतु ओवरहैड टैंक व पाइप लाइन
- नालंदा परिसर निर्माण 4 .50 करोड़
- वेंडिंग जोन निर्माण 5 .20 करोड़

### कांग्रेस पार्षद ने इस तरह की घेराबंदी

सम्मेलन के दौरान कांग्रेसी पार्षद चंद्रभानसिंह ठाकुर ने संपति कर व समेकर को 600 रुपए की जगह 400 रुपए करने की बात उठाई। उन्होने कहा कि स्वच्छता पर लोगों से दो तरह के टैक्स वसूले जा रहे हैं। शिक्षा उपकर को गलत तरीके से लिया जा रहा है। संपत्ति कर में 2 प्रतिशत वसूली होना चाहिए इसे वार्षिक भाड़ा से लिया जा रहा है। लोगों से संपत्ति कर में यह टैक्स लेते तो 30 रुपए देना पड़ता लेकिन 517 रुपए देने पड़ रहे हैं। प्लेसमेंट कर्मियों के ईपीएफ व पीएफ नियमित जमा नहीं किए जा रहे हैं। इस पर सभापति केशव बंछोर ने संबंधित अधिकारी से जवाब दिलवाया लेकिन वे माने नहीं। विपक्ष भी उनके साथ हो लिए। पार्षद ठाकुर ने सभापति बंछोर पर ही आरोप लगाना शुरू कर दिया। सभापति ने उन्हे निष्कासित करने की चेतावनी दी तब वे नरम पड़े।

# सेक्टर-6 में चेन स्नेचिंग, घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ने वाली पुलिस टीम को 5 हजार का इनाम



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाईनगर थाना अंतर्गत सेक्टर-6 में बुजुर्ग महिला से चेन स्नेचिंग करने वाले को पुलिस ने तुरंत पकड़ लिया। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस की टीम ने शिकायत मिलने के तुरंत बाद आरोपी का पीछा गया। इसके बाद घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया गया।

पुलिस की तत्परता को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने पूरी टीम को 5 हजार रुपए का इनाम दिया। साथ ही सभी थाना पुलिस को निर्देशित किया कि वे भी ऐसी किसी भी घटना को लेकर अलर्ट रहें, ताकि जनता के बीच पुलिस का विश्वास बढ़े। पुलिस ने बताया कि 5 अप्रैल को शाम करीब साढ़े 7 बजे सेक्टर-6 निवासी रमीला वर्मा (65 वर्ष) ए मार्केट से दवा लेकर अपने निवास जा रही थी। खुर्सीपार निवासी आरोपी हर्ष चंद्राकर उम्र 22 वर्ष अचानक प्रार्थिया के गले से सोने का मंगलसूत्र छीनकर सेंट्रल एवेन्यू की ओर भाग गया। शोर मचाने पर मौके से गुजर रहे पेट्रोलिंग दल द्वारा

- पेट्रोलिंग टीम एवं आम नागरिकों की मदद से आरोपी को तत्काल पकड़ा गया

तत्काल कार्रवाई करते हुए आम नागरिकों के सहयोग से आरोपी का पीछा कर पकड़ लिया। आरोपी के कब्जे से प्रार्थिया का सोने का मंगलसूत्र बरामद कर जब्त किया गया। कार्रवाई में सराहनीय भूमिका निभाने वाले एएसआई पूरन बहादुर, आरक्षक इसरार खान, अनूप शर्मा, छोटे लाल, राम नारायण डहरिया को 5 हजार रुपए का इनाम और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।




# गैस सिलेंडर नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

एचपी का गैस सिलेंडर नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। घटना ग्राम करसा भिलाई तीन की है। मिली जानकारी के मुताबि मंगलवार सुबह चक्का जाम होने से गैस एजेंसी के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई। इसके कारण ट्रैफिक व्यवस्था बेकार हो गया था। सूचना पर भिलाई तीन पुलिस पहुंची और व्यवस्था को अपडेट किया। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 20 दिनों से गांव में गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा है। कई बार एजेंसी के चक्कर लगाने को ग्रामीणों को घर खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। यहां शताक्षी गैस एजेंसी में नियमित सप्लाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों के मुताबिक शताक्षी गैस एजेंसी से सिलेंडर की सप्लाई होती है, लेकिन समय पर सिलेंडर नहीं मिल रही है। कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ है। आरोप है कि एजेंसी में व्यवस्था ठीक नहीं होने के कारण उन्हें रोजमर्रा की जरूरतों में परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके कारण सिलेंडर का दलाली करने वालों को रोज असानी से मिल जाता है।



## पावर हाउस चौक पर अवैध ठेलों के खिलाफ निगम की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-3 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत पावर हाउस चौक पर बढ़ते आवागमन एवं सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए निगम प्रशासन द्वारा अवैध रूप से सड़क किनारे खड़े ठेलों के खिलाफ कार्रवाई की गई। निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर सड़क किनारे लगाए गए ठेलों को हटाया और संबंधित ठेला संचालकों को सख्त हिदायत दी कि वे भविष्य में सड़क पर अतिक्रमण न करें। पावर हाउस चौक शहर का अत्यंत व्यस्त मार्ग होने के कारण यहां अवैध ठेलों के कारण यातायात प्रभावित हो रहा था और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ था। निगम अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई आम नागरिकों की सुरक्षा और सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से की गई है।

## कुरूद नकटा तालाब के ऊपर रात डेढ़ से दो बजे तक घूमते हैं संदिग्ध


# अक्षरधाम कॉलोनी में चोरों का आतंक, लगातार चोरियां

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई में जामुल थाना अंतर्गत कुरुद नकटा तालाब के ठीक बगल से स्थित अक्षरधाम कालोनी में इन दिनो चोरों का खासा अतंक है। यहां आए दिन मकानों में छोटी मोटी चोरी होना आम बात थी, लेकिन बीते सोमवार मंगलवार रात कुछ अज्ञात लोगों ने यहां दो घरों में घुसकर बड़ी चोरी की। चोरी की पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस घटना के बाद जामुल थाना पुलिस की गश्त पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अक्षरधाम कॉलोनी में इस समय बड़ी संख्या में मकान निर्माणाधीन है और सैकड़ों की संख्या में मकान बनाकर लोग वहां रहना भी शुरू कर दिए हैं। निर्माणाधीन मकान के सामने बिल्डिंग मटेरियल जैसे लोहा, सीमेट व अन्य सामान भी पड़ा रहता है। इसे चोरी करने के लिए नशा करने वाले लड़के छोटी मोटी चोरी करते रहते थे, लेकिन बीती रात यहां एक पारस जैन और एक अन्य व्यक्ति के घर में घुसकर चोरी की। चोरों ने पारस जैन के घर के कमरे का महंगा सामान तोड़ दिया। ताला तोड़कर अंदर रखे महंगे प्लांट, नगदी और कई अन्य सामान चोरी कर ले गए। जिस घर में चोरी हुई वहां के सीसीटीवी कैमरे में चोर सहित चोरी की पूरी घटना रिकार्ड हो गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की पड़ताल कर रही है। वहीं दूसरे मकान के अंदर लगे महंगे नल व अन्य सेनेटरी आइटम चोरी कर ले गए। खबर लिखे जाने तक चोरों का कोई पता नहीं चला है।





### पुलिस की गश्त पर उठ रहे सवाल

कुछ महीने पहले तक यहां तालाब व कालोनी के अंदर पुलिस की पेट्रोलिंग होने से चोरी की घटनाएं कम हो गई थीं, लेकिन वर्तमान में पेट्रोलिंग नहीं होने से यहां चोरी की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। कालोनीवासी इससे काफी परेशान हैं। उनका कहना है कि पुलिस को इस पर ध्यान देना चाहिए और नशा करके देर रात तक घूमने वालों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

### रात साढ़े तीन बजे तक नशे की हालत में घूमते हैं संदिग्ध

यहां मंगलवार रात साढ़े तीन बजे एक युवक संदिग्ध हालत में घूमता दिखा। उसकी बाइक सीजी 04 डीजेड 0841 भी तालाब के ऊपर खड़ी थी। पूछने पर युवक ने कृष्णा नगर निवासी बताया और कहा कि उसकी बाइक का तेल खत्म हो गया है तो यहां बैठा है। इसी तरह आए दिन यहां नशा करने वाले लड़कों का जमावड़ा तालाब के ऊपर अंधेरा होते ही लगने लग जाता है।

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER
Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years
Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records
How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप



### घर-घर लगाया कमल ध्वज एकजुटता का दिया संदेश

**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस पर भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ ने शहीद चौक स्थित स्लम क्षेत्र में घर-घर कमल ध्वज लगाया। कार्यक्रम में अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, महापौर अलका बाघमार, संभाग प्रभारी दिनेश देवांगन ने श्रमिक बस्ती के नागरिकों से संवाद करते हुए भाजपा के विकास यात्रा की जानकारी देकर केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया साथ ही भाजपा की सेवा,समर्पण और संघर्ष की विचारधारा को लोगों के बीच साझा किया।इससे पूर्व स्लम बस्ती के महिलाओ ने अपने अपने घरों में भाजपा का ध्वज लगाकर बीजेपी के विचार धारा के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट किया इस दौरान पर जिला संयोजक दिनेश मिश्रा ने स्वागत भाषण दिया तथा कार्यक्रम का संचालन सह संयोजक दीपक सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में गायत्री वर्मा, तृप्ति चंद्राकर, तेखन सिन्हा, शशि साहू, पार्षद ललिता ठाकुर, सावित्री दमाहे, रंजीता पाटिल, पूर्व पार्षद मीना सिंह, श्रद्धा सोनी, जयश्री राजपूत सहित अन्य मौजूद थे।

### आपदा पीड़ित परिजनों को मिली 4-4 लाख की सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर ने आपदा पीड़ित 3 परिजनों को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जानकारी के अनुसार चिखली जिला दुर्ग निवासी मृतक हीरा सिंह यादव की 31 जुलाई 2023 को तालाब के पास जहरीले सांप के काटने से ईलाज के दौरान शासकीय अस्पताल दुर्ग में, चरोदा भिलाई 3 निवासी मृतिका हिमेश्वरी महिपाल की 23 जुलाई 2019 को सिगड़ी से खाना पकाते समय कपड़े में आग लगने से उपचार के दौरान 25 जुलाई 2019 को, तेलीगुंडरा तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी मृतक देव्यांशा साहू की 9 मई 2025 को खेलते-खेलते घर के पीछे तालाब में डुबने से मृत्यु हुई थी। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. हीरा सिंह यादव की पत्नी पूजा यादव, स्व. देव्यांशा साहू के पिता प्रेमशंकर साहू एवं माता युगेश्वरी साहू और स्व. हिमेश्वरी महिपाल की पति रवि कुमार महिपाल को 4-4 लाख की सहायता की स्वीकृति दी गई है।

# स्कूल पहुंचकर पढ़ने के लिए किया प्रेरित फिर राशन दुकान की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव आज दुर्ग के शनिचरी बाजार स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल प्राथमिक स्कूल पहुंचे। यहां उन्होंने स्कूल परिसर का निरीक्षण किया और बच्चों से सीधे बात कर उनकी पढ़ाई और जरूरतों के बारे में जानकारी ली।

शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधी विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा की आज दुर्ग के सरदार वल्लभ भाई पटेल प्राथमिक स्कूल पहुंचकर बच्चों से संवाद किया। बच्चों के साथ स्कूल परिसर का निरीक्षण कर बच्चों द्वारा बताई गई आवश्यकताओं को शीघ्र पूरा करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल के शिक्षकों से बच्चों की पढ़ाई को प्राथमिकता देते हुए गंभीरता से कार्य करने कहा, विद्यार्थियों की मजबूत शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य का आधार है। मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा की आज दुर्ग के शनिचरी बाजार स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यार्थियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी पढ़ाई, आवश्यकताओं एवं सीखने के अनुभवों की जानकारी ली। स्कूल में तैयार हो रहे स्मार्ट क्लास को लेकर बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। आगामी सत्र से स्कूल में स्मार्ट क्लास से पढ़ाई होगी। आधुनिक शिक्षा सुविधाओं से बच्चों को बेहतर सीखने का अवसर मिलेगा और उनका भविष्य और अधिक सशक्त होगा। हमारा प्रयास है कि शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार हो और हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त शिक्षा प्राप्त हो सके। मंत्री श्री यादव ने आगे कहा की प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इस अवसर पर सभापति श्याम शर्मा, मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकर, पार्षद नरेंद्र बंजारे, मनीष कोठारी, गोविन्द देवांगन, हर्षिका संभव जैन, दिनेश देवांगन, अमित पटेल, नवीन साहू सहित वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

## शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने हितग्राही का चावल मापकर मशीन की सटीकता जांची



दुर्ग विधानसभा अंतर्गत गयानगर वार्ड 4 में आज वार्ड भ्रमण के दौरान उचित मूल्य की दुकान का कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने औचक निरीक्षण किये। इस दौरान वहां उपस्थित हितग्राहियों से सीधे संवाद कर राशन वितरण व्यवस्था की जानकारी लिए एवं उन्हें मिलने वाली राशन सामग्री के संबंध में विस्तार से चर्चा किया। मंत्री गजेन्द्र यादव ने निरीक्षण के दौरान स्वयं चावल का वजन कर हितग्राही को दिया। ऐसा करके उन्होंने माप यंत्र की सटीकता की जांच की। मंत्री श्री यादव ने वार्डवासियों की समस्याओं को सुनाई और उनसे सुझाव मांगे। इसके बाद संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, जिससे राशन वितरण व्यवस्था को और अधिक सुचारु, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाया जा सके। गजेन्द्र यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए सरकार और प्रशासन निरंतर निगरानी, जनता से संवाद किया जाता है ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता की गुंजाइश न रहे। हितग्राहियों को जागरूक करते हुए उन्हें उनके अधिकारों एवं निर्धारित राशन की जानकारी देने निर्देश दिए, जिससे जिससे वे स्वयं भी व्यवस्था की पारदर्शिता में सहभागी बन सकें।

## 63.50 रुपए लीटर के हिसाब से हितग्राहियों को उपलब्ध कराए जाने की तैयारी

# राशन दुकानों में जल्द मिलेगा कैरोसीन डिमांड के हिसाब से सप्लाई की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

रसोई गैस और कमर्शियल गैस सिलेंडरों की किल्लत के बीच शासन ने एक बार फिर कैरोसीन की सप्लाई बढ़ाने की तैयारी की है। केंद्र के आदेश के बाद राज्य शासन ने इसे लेकर सभी जिलों में सप्लाई सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। दुर्ग जिले में भी इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक सबसे पहले शहरी क्षेत्रों की राशन दुकानों में कैरोसीन उपलब्ध कराने की तैयारी है। हर राशनकार्ड में दो लीटर मिट्टी का तेल यानी कैरोसीन दिया जाना है। इसके लिए राशन दुकानों से डिमांड मांगा जा रहा है।

डिमांड के अनुरूप ही सप्लाई की जाएगी। शासन ने इस बार प्रति लीटर के हिसाब से कैरोसीन की कीमत करीब 63.50 रुपए निर्धारित की है। इस दर पर ही कैरोसीन उपलब्ध कराया जाएगा। इसे लेकर जल्द ही शहरी क्षेत्रों में दुकान संचालित करने वाले दुकानदारों की बैठक भी बुलाई जानी है। सभी दुकानदारों को हितग्राहियों को वितरित करने के लिए कम से कम एक-एक हजार लीटर कैरोसीन जारी किया जाना है। दुकानों में स्टॉक बोर्ड में प्रतिदिन के स्टॉक की एंट्री दर्शानी होगी। हितग्राहियों को केरोसिन वितरण के बाद रजिस्टर में उनकी एंट्री और हस्ताक्षर भी कराने के लिए कहा गया है। जिले में इस समय 568 राशन दुकानें संचालित हैं, जिनमें से 50 प्रतिशत से ज्यादा शहरी क्षेत्र में संचालित हैं, जहां कोर पीडीएस लागू है। इन दुकानों मे कैरोसीन सप्लाई की तैयारी की जा रही है।

## शहरी क्षेत्रों की दुकानों में रहेगी उपलब्धता, दुकानों से मांगी जा रही जानकारी



### एपीएल को छोड़कर सभी कार्डधारी को मिलेगा कैरोसीन

| कार्ड | ग्रामीण | शहरी | कुल |
|---|---|---|---|
| अंत्योदय | 27783 | 47992 | 75775 |
| निराश्रित | 1141 | 793 | 1934 |
| प्राथमिक | 157398 | 143673 | 301071 |
| निशक्तजन | 1686 | 1297 | 2983 |
| एपीएल- | 100252 | 115932 | 203688 |
| कुल | 203688 | 294007 | 497695 |

### प्रत्येक कार्डधारक को देना है 2-2 लीटर कैरोसीन

जानकारी के मुताबिक जारी किए गए निर्देश के तहत प्रत्येक कार्डधारक को अधिकतम 2 लीटर केरोसिन ही मिलेगा। किसी भी हितग्राही को इससे अधिक कैरोसीन का वितरण नहीं करना होगा। आवंटन के अनुसार कम से कम प्रत्येक दुकानदार को एक हजार लीटर केरोसिन रखना है। जरुरत वाले दुकानों से डिमांड मंगाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार ही कार्य किया जाना है। फिलहाल किसी भी राशन दुकान ने डिमांड नहीं भेजी है। इस वजह से मामला अटका हुआ है। जल्द ही राशन दुकानदारों की बैठक बुलाकर उन्हें इस बारे में जानकारी दी जाएगी।

### 8 महीने पहले 100 रुपए के पार पहुंच गई थी कीमत

जानकारी के मुताबिक कैरोसीन अब राशन दुकानों में नहीं के बराबर उपलब्ध है। वर्ष 2018 में उज्जवला गैस योजना लागू होने के बाद इसकी सप्लाई कम कर दी गई। इसके साथ ही कैरोसीन के दामों में बेतहाशा वृद्धि देखी गई। इस वजह से लोगों ने भी कैरोसीन लेना कम कर दिया। डिमांड नहीं आने के कारण इसकी सप्लाई ही रोक दी गई। 8 महीने पहले करीब 101 रुपए प्रति लीटर तक कैरोसीन की कीमत पहुंच गई थी। इसके बाद राशन दुकानदारों ने कैरोसीन की डिमांड करना ही बंद कर दिया। कुछ दुकानों में हितग्राही लगातार कैरोसीन की मांग करते रहे, लेकिन कीमत की वजह से दुकानदारों ने ऑर्डर ही नहीं भेजा। अब एक बार भी राशन दुकानों से कैरोसीन की सप्लाई की तैयारी है।

### शासन के आदेश के अनुसार किया जाएगा कार्य

कैरोसीन को लेकर शासन से गाइडलाइन जारी की गई है। इसके लिए डिमांड आने पर राशन दुकानों को कैरोसीन की सप्लाई की जानी है। निर्धारित दरों पर यह राशन दुकानों में उपलब्ध होगा। प्रारंभिक रूप से शहर की दुकानों में कैरोसीन उपलब्ध कराया जाना है।

-अनुराग भदौरिया, खाद्य नियंत्रक दुर्ग

# पीपरछेड़ी में 30 लाख के कार्यों का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ग्राम पीपरछेड़ी में आयोजित भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर थे। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर नवीन कार्यों की आधारशिला रखी पूर्ण हो चुके कार्यों का लोकार्पण कर उन्हें जनहित में समर्पित किया। चंद्राकर ने कहा कि गांव-मोहल्ले को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना हमारा संकल्प है। विभिन्न स्थानों पर सीसी रोड निर्माण-7.50 लाख, यादव पारा सामुदायिक भवन निर्माण 10 लाख, सरजू यादव के घर से ललित निषाद के घर तक सीसी रोड-5.20 लाख, विभिन्न गलियों में निर्मित सीसी रोड-7.50 लाख रुपए में बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मूलमंत्र है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास। उनके मार्गदर्शन में हमारी सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए सतत रूप से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार लोगों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रमुख योजनाओं का सीधा लाभ प्रदेशवासियों को मिल रहा है। इस अवसर पर दुर्ग जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जनपद सदस्य राजेन्द्र ठाकुर, सरपंच ललिता निषाद, पंच रामावतार यादव, श्रवण निषाद, सुरेश यादव, सुमित्रा मांडवी, ललिता यादव, मंजू मांडवी, राकेश गोस्वामी, शिव साहू,महेश निषाद आदि उपस्थित रहे।

■ विधायक ललित चंद्राकर ने रखी विकास कार्यों की आधारशिला

### समर्थन मूल्य पर दलहन-तिलहन की खरीदी शुरू

**दुर्ग ।** जिले में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) योजना के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर दलहन और तिलहन की खरीदी शुरू कर दी गई है। विपणन वर्ष 2026-27 के लिए प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत चना, सरसों एवं अरहर की खरीदी का शुभारंभ विकासखंड धमधा के सेवा सहकारी समिति घोंटा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर अभिजीत सिंह एवं तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र साहू ने भगवान बलराम के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया।

# रोजगार दिवस पर जल संरक्षण के जरिए आय अर्जित करने दिए टिप्स



**दुर्ग ।** मेड़ेसरा में रोजगार दिवस सह आवास दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीईओ जिला पंचायत बजरंग कुमार दुबे थे। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष पवन शर्मा, जितेंद्र यादव, सरपंच राजेश्वरी देशलहरे सहित अन्य ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिवगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान मोर गांव मोर पानी अभियान के अंतर्गत मोर तरिया आय के जरिया पहल का शुभारंभ किया गया। इस पहल के माध्यम से जल संरक्षण को बढ़ावा देने के साथ-साथ ग्रामीणों के लिए आय के नए स्त्रोत विकसित करने पर जोर दिया गया। महिला स्व-सहायता समूहों के साथ विस्तृत चर्चा कर मोर तरिया की कार्ययोजना तैयार की गई तथा जल एवं स्वच्छता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आजीविका संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर 10 नए तरिया (तालाब) की स्वीकृति भी प्रदान की गई। न्यूनतम 80x80 मीटर आकार के तालाब निर्माण हेतु उपयुक्त स्थल चयन क्लस्टर एवं जलधारा के आधार पर किया गया, जिससे महिलाओं के लिए रोजगार के बेहतर अवसर सृजित होंगे।



### धमधा नाका अंडर ब्रिज में सीएम की तस्वीर पर लगा दिया पेंट, शिकायत

**दुर्ग।** धमधा नाका अंडर ब्रिज के मुख्य द्वार पर मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और मंत्री की तस्वीर पर पेंट लगाए जाने को लेकर हंसराज नवयुवक मंडल ने कलेक्टर अभिजीत सिंह से शिकायत की। उन्होंने कहा कि इस मामले में जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। इसके बाद तत्काल तस्वीर को कपड़े ढंक दिया गया। समाजसेवी संगठन हंसराज नवयुवक मंडल के सदस्यों ने बताया कि पिछले की दिनों से तस्वीर में पेंट लगा हुआ था। किसी ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया, जानकारी होने पर उन्होंने मामले की शिकायत की। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर दुर्ग में सखी वन स्टॉप सेंटर की तरह पुरुषों के लिए सखा वन स्टॉप सेंटर संचालित करने की भी मांग की है।

# कर्मचारियों को विशेष परिस्थितियों में मिलेगा अवकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

## जनगणना के काम में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए जारी किए गए निर्देश

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में जनगणना कार्य को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य के लिए प्रगणक और पर्यवेक्षकों को समय पर प्रशिक्षण दिया जाना अनिवार्य है। इसके लिए इंचार्ज अधिकारियों को प्रशिक्षण हेतु उपयुक्त भवनों का चयन कर प्रशिक्षण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

■ कलेक्टर अभिजीत सिंह ने समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की

कलेक्टर ने कहा कि जिन अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी जनगणना कार्य में लगाई गई है, उनका अवकाश स्वीकृत विशेष परिस्थितियों में ही किया जाए। उन्होंने बताया कि जनगणना दो चरणों में आयोजित होगी। पहला चरण 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं गणना का होगा, जबकि दूसरा चरण फरवरी 2027 में परिवारों की व्यक्तिगत जानकारी एकत्रित करने के लिए किया जाएगा। बैठक में ग्राम पंचायतों में राजस्व संबंधी कार्यों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अविवादित नामांतरण, बंटवारा और पंजीयन प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने निर्माण कार्यों से जुड़ी जानकारी भी ली। नियमित रूप से गुणवत्ता की जांच और समय पर काम पूरा करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने शिकायतों के निराकरण की समीक्षा भी की।



### बायोमीट्रिक अपडेट कार्य को लेकर शिक्षा विभाग से ली जानकारी

कलेक्टर ने जिले में विद्यार्थियों के बायोमीट्रिक अपडेट कार्य की भी समीक्षा की। कलेक्टर के मार्गदर्शन में शासकीय और निजी स्कूलों में यह कार्य निरंतर जारी है। वर्तमान में कई स्कूलों में परीक्षाएं चल रही हैं और कुछ में समाप्त हो चुकी हैं, जिसके कारण विद्यार्थियों की उपस्थिति कम है। इस स्थिति को देखते हुए कलेक्टर ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि स्कूल प्राचार्यों के साथ समन्वय स्थापित कर निःशुल्क बायोमेट्रिक अपडेट कार्य को शीघ्र पूर्ण कराए। इस अवसर पर एडीएम वीरेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, आयुक्त राजीव पाण्डेय, सुमित अग्रवाल, मोनिका वर्मा आदि मौजूद थे।

## महापौर बाघमार ने हरी झंडी दिखाकर वाहन को किया रवाना

# अब मशीनों से होगी शहर के सड़कों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में अहम कदम उठाया गया है। शहर में बढ़ते धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने एवं वायु गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से निगम द्वारा अत्याधुनिक मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग मशीनों का उपयोग शुरू किया गया है।

■ निगम ला रहा हाईटेक सफाई व्यवस्था

महापौर अलका बाघमार ने लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्रकार, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल, एमआईसी सदस्य ज्ञानेश्वर ताम्रकर, पार्षद देव नारायण तांडी,अभियंता विनीता वर्मा,स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता,कर्म शाला अधिक्षक शोयब अहमद सहित निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना कर मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।




### वैक्यूम तकनीक से होगी धूल-मुक्त सफाई

यह अत्याधुनिक मशीन वैक्यूम वायु तकनीक पर आधारित है, जो सड़कों पर जमा धूल, रेत एवं छोटे मलबे को प्रभावी ढंग से हटाती है। इससे न केवल सफाई बेहतर होगी, बल्कि धूल प्रदूषण में भी कमी आएगी। अब मुख्य सड़कों, चौड़ी सड़कों एवं कॉलोनियों में मैन्युअल झाड़ू के स्थान पर मशीनों से सफाई की जाएगी।

### गलियों में सफाई की जिम्मेदारी कर्मियों की

यह पहल शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। गलियों में सफाई की जिम्मेदारी कर्मियों को जहां बड़ी मशीनें नहीं पहुंच पाएंगी, वहां की तंग गलियों एवं आंतरिक मार्गों की सफाई की जिम्मेदारी निगम के सफाई कर्मियों को दी जाएगी। इस व्यवस्था से पूरे शहर में संतुलित और प्रभावी सफाई सुनिश्चित की जाएगी। शुभारंभ के दौरान महापौर ने कहा कि नगर निगम शहर को स्वच्छ, सुंदर और धूल मुक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। मशीनीकृत सफाई व्यवस्था से न केवल कार्य में तेजी आएगी, बल्कि नागरिकों को स्वच्छ वातावरण भी प्राप्त होगा।

# डेंगू-मलेरिया को लेकर नेहरू नगर जोन में चला मच्छर उन्मूलन अभियान

**भिलाई ।** शहर में मच्छर जनित रोगों के प्रभावी नियंत्रण हेतु नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा विशेष स्वच्छता एवं जन-जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जोन-1 नेहरू नगर के अंतर्गत वार्ड-10 लक्ष्मीनगर (सुपेला) क्षेत्र में सघन मच्छर उन्मूलन कार्यक्रम का संपादन किया गया।

प्रसाद बिल्डिंग के पीछे स्थित बस्ती में निगम के विशेष दस्ते और जिला मलेरिया विभाग के सर्वेलेंस कार्यकर्ताओं की संयुक्त टीम ने घर-घर जाकर सर्वेक्षण किया। इस दौरान टीम ने मच्छरों के प्रजनन स्थलों की बारीकी से जांच की। प्रजनन स्त्रोतों का खात्मा करने हेतु गृह भेंट के दौरान कूलर, पानी की टंकी, ड्रम और पुराने कंटेनरों की जांच की गई। जहाँ भी पुराना पानी जमा मिला, उसे तत्काल खाली कराया गया ताकि लार्वा पनपने की संभावना को समाप्त किया जा सके।

मच्छर लार्वा के नियंत्रण हेतु स्प्रेयर पंप के माध्यम से पानी मिश्रित एक्यूगार्ड का छिड़काव किया गया। वयस्क मच्छरों के खात्मे के लिए प्रभावित क्षेत्रों में पानी मिश्रित मैलाथियान का छिड़काव कराया गया। मोहल्ले की पक्की और कच्ची नालियों में जहां पानी का जमाव था, वहां दवाइयों का छिड़काव कर मच्छरों के पनपने पर रोक लगाई गई। सर्वेक्षित घरों के सदस्यों को मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए। बचाव संबंधी जानकारी के लिए पाम्पलेट वितरित कर नागरिकों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया।



# 'हमारी मांगें पूरी करो' और 'कका अभी जिंदा है' के लगे नारे, ग्रामीणों ने मांगा काम

## जनपद पंचायत पाटन कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाटन

जनपद पंचायत पाटन कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व युगल किशोर आडिल ने किया। उनके मार्गदर्शन में पाटन के आत्मानंद चौक से पुराना बस स्टैंड तक विशाल रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार नारेबाजी की और शासन-प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि क्षेत्र में मनरेगा के तहत काम पूरी तरह से बंद पड़ा हुआ है, जिससे ग्रामीणों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री




आवास योजना, वृद्धा पेंशन सहित कई जनकल्याणकारी योजनाएं भी ठप पड़ी हैं। इन समस्याओं के कारण गांव के लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने विशेष रूप से अपनी समस्याएं सामने रखते हुए कहा कि रोजगार और योजनाओं का लाभ नहीं मिलने से उनका जीवन यापन कठिन हो गया है।

रैली के पश्चात सभी प्रदर्शनकारी जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी मांगों को लेकर जनपद सीईओ को ज्ञापन सौंपने का प्रयास किया। इस दौरान बताया जा रहा है कि जैसे ही प्रदर्शनकारी जनपद कार्यालय पहुंचे, कुछ अधिकारियों द्वारा मुख्य गेट को बंद कर दिया गया। इससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि बाद में कुछ प्रतिनिधियों ने अंदर जाकर ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान "हमारी मांगें पूरी करो" और "काका अभी जिंदा है" जैसे नारे भी लगाए गए, जिससे माहौल काफी गरमाया रहा। इस धरना प्रदर्शन में पाटन ब्लॉक के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। आपको बता दे की तेज धूप और गर्म हवाओं की मार खा कर महिलाओं ने अपनी मांगे पूरी करने में लगे थे एक महिल को पूछा गया तब अपनी हालत बताई इतनी गर्मी में हम लोग छोटे छोटे बच्चो को छोड़ कर यह आए हुआ है बढ़ती मंहगाई को लेकर मानरेंग की काम को चालू किया जाए और गरीब लोगो को प्रधानमंत्री आवास योजन का लाभ दिया जाए प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### स्व सहायता समूह ने मनाया चावल उत्सव

**कुम्हारी।** जय महाकाल स्व सहायता समूह में चावल उत्सव मनाया गया। जिसमें निगरानी समिति की अध्यक्ष लता खैरवार, पार्षद एवं जय महाकाल स्व सहायता समूह की अध्यक्ष सरिता यादव, सचिव कंचन लता साहू एवं सदस्यगण व बड़ी संख्या में कार्डधारी उपस्थित थे।

### सेलूद में सांड का आतंक



**सेलूद।** सेलूद के बावाकुटी मोहल्ले में एक काले सांड का आंतक है। इसने ग्रामीणों का जीना दूभर कर दिया है।सांड रात के अंधेरे में खेतों में घुसता है। फसल को पैरों तले रौंद कर पूरी तरह बर्बाद कर देता हैं। कटीली तारें और बाड़ भी इन शक्तिशाली पशुओं को रोकने में नाकाम साबित हो रहे है। आए दिन सांडों के हमले में लोगों के घायल होने या जान गँवाने की खबरें अब आम होती जा रही हैं।

### अहिवारा में मनाया भाजपा स्थापना दिवस



**नंदिनी अहिवारा।** भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला उपाध्यक्ष नटवर लाल ताम्रकार के नेतृत्व में अहिवारा मंडल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं के साथ अटल परिसर में स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की मूर्ति पर नमन करते हुए ताम्रकार ने वाजपेई के सिद्धांतों और योगदान को याद किया। इस दौरान रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष लीमन साहू, मंडल अध्यक्ष रामजी निर्मलकर एवं पार्षद गण अनूज साहू, शिवनारायण अग्रवाल, मीना जोशी एवं महिला मोर्चा अध्यक्ष ममता जंघेल, पुनीता रावत और लोकेश्वरी साहू आदि समस्त कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### नक्सलवाद का खात्मा सटीक रणनीति का परिणाम : दुबे

**अंडा।** भारतीय जनता पार्टी मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत दुबे ने कहा कि नक्सलवाद से मुक्त हो रहा



छत्तीसगढ़ में अब और अधिक समृद्धि के पथ पर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय स्तर पर अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिलेगी। आदिवासी बहुल क्षेत्र में जहां अरसे से मुख्य धारा से वंचित है अब उन्हें सड़क बिजली पानी एवं डिजिटल सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इससे अंचल के ग्रामीणों के जीवन स्तर में काफी सुधार आएगी।

### निधन

#### लता बाई भट्ट

**दुर्ग।** सुभाष नगर मितान चौक दुर्ग



निवासी लता बाई भट्ट पति सीताराम भट्ट उम्र 70 वर्ष का निधन 7 अप्रैल को हो गया है। जिसका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम दुर्ग में किया गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## करोड़ों रुपए की महत्वाकांक्षी योजना बदहाली के कगार पर

# डूब गई इंदिरा गांव गंगा योजना ग्रामीणों को नहीं मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाटन

इंदिरा गांव गंगा योजना में ठेकेदार की घोर लापरवाही अब खुलकर सामने आने लगी है। करोड़ों रुपये की लागत से बनाई गई यह महत्वाकांक्षी योजना आज बदहाली के कगार पर पहुंच गई है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस योजना से गांवों को राहत और विकास की उम्मीद थी, वही अब खुद खतरे का कारण बनती जा रही है।

गौरतलब है कि इस योजना की शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में बड़े उद्देश्य के साथ की गई थी। इसका मकसद ग्रामीण क्षेत्रों में पानी और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाना था, लेकिन वर्तमान स्थिति देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि इस योजना पर किया गया खर्च व्यर्थ साबित हो रहा है।

पाटन से खामहरिया जाने वाले मार्ग पर नाले के ऊपर बनाए गए इस ढांचे की हालत बेहद जर्जर हो चुकी है। पिलर में दरारें साफ दिखाई दे रही हैं और संरचना इतनी कमजोर हो गई है कि कभी भी गिर सकती है। इसके बावजूद न तो संबंधित अधिकारी इस पर ध्यान दे रहे हैं और न ही ठेकेदार कोई सुधार कार्य करवा रहा है। पंचायत स्तर पर भी पूरी तरह उदासीनता देखने को मिल रही है।

### ग्रामीण क्षेत्र की बुनियादी सुविधाएं बदहाल



स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां एक चौकीदार जरूर तैनात है, लेकिन उसकी भूमिका केवल दिखावे तक सीमित है। जब अधिकारियों के आने की बात पूछी जाती है, तो बताया जाता है कि वे कभी-कभार आते हैं, निरीक्षण का औपचारिकता निभाते हैं और बिना किसी ठोस कार्रवाई के लौट जाते हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते करोड़ों की योजना बर्बादी की ओर बढ़ रही है। इस बात को लेकर भारी नाराजगी है कि जिस योजना से उनके जीवन में सुधार आना था, वही अब खतरे का कारण बन गई है। लोगों को हर समय इस बात का डर सताता रहता है कि कहीं कोई बड़ा हादसा न हो जाए। यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो यह लापरवाही किसी बड़ी दुर्घटना को जन्म दे सकती है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर कब जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदार इस गंभीर समस्या पर ध्यान देंगे? क्या शासन इस ओर कोई ठोस कदम उठाएगा या फिर करोड़ों की यह योजना यूं ही दम तोड़ती रहेगी? ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से जल्द से जल्द जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने और योजना को दुरुस्त करने की मांग की है।

> **काम अधूरा पड़ा**
>
> "आज भी काम अधूरा पड़ा हुआ है। गांव के एक चपरासी को रखा गया है। ठेकेदार की लापरवाही के कारण आज दयनीय हालत है।
>
> **डोमेंद्र साहू,** सरपंच खामहरिया

# जामुल में जल संकट गहराया सफाई व्यवस्था भी हो गई ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामुल



नगर पालिका परिषद जामुल क्षेत्र मे नागरिकों की विभिन्न समस्याओं, वर्तमान मे बढ़ते जल संकट और साफ सफाई व्यवस्था को लेकर नेता प्रतिपक्ष रामप्यारी वर्मा के नेतृत्व मे


- **नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में मुनपा. अधिकारी को सौपा ज्ञापन**

मुख्य नगर पालिका अधिकारी जामुल को ज्ञापन सौपा गया। उन्हें नगर की समस्याओ को अवगत कराया गया और इन समस्यों को जल्द हल करने की मांग रखी गई।

नेता प्रतिपक्ष रामप्यारी वर्मा ने कहा कि गर्मी का मौसम चल रहा तो वर्तमान मे पानी की समस्या औऱ नाली की सफाई की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है , मच्छर की अधिकता के कारण मच्छर भगाने फॉगिंग मशीन सभी वार्डो मे चलवाई जाए औऱ मच्छर मारने दवाई का छिड़काव कराया जाये। सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने की जरूरत है, जिसे जामुल के लगभग कई वार्ड के नागरिक परेशान है औऱ नपा प्रशासन व्यवस्था बनाने असफल हो रही है 1 उपयुक्त सभी मांगो पर जल्द कार्रवाई करने की मांग के साथ नागरिकों ने पालिका प्रशासन का घेराव व विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी। पूर्व सभापति युवराज वैष्णव ने कहाँ की समस्याएं बढ़ते बढ़ते इतनी बढ़ गई है कि सुविधाएं कम परेशानियां ज्यादा दिखने लगी है, जिससे लोग त्रस्त हो गए है 1 नहर नालियों की जल्द सफाई करा नहर से जल्दी भराव की व्यवस्था की जाए। मणिकंचन केंद्र के पास अव्यवस्थित कचरे के डंपिंग को रोक कर व्यवस्थित किया जाए ताकि मवेशियों को नुकसान न हो 1 पूरे जामुल मे व्यवस्था बिगड़ी हुई है जो बहुत चिंताजनक है, जिसे जल्द हल नहीं किया गया तो आगे बड़े आंदोलन करने की बात कही है। ज्ञापन सौपने वालो में नेता प्रतिपक्ष व पार्षद वार्ड - 10 राम प्यारी वर्मा, पूर्व सभापति युवराज वैष्णव, पूर्व विधायक प्रतिनिधि लेखराम साहू, पूर्व महामंत्री कांग्रेस मीनू ताम्रकार, संदीप देवांगन, ललिता यादव, गायत्री यादव, संगीता यादव आदि उपस्थित थे।

### सेलूद में मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस

**सेलूद।** सेलूद शक्ति केंद्र में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया 1 जिसमे प्रमुख रूप से खेमलाल साहू पूर्व मण्डल अध्यक्ष, कृष्ण कुमार महामंत्री, टामन लाल साहू



प्राधिकृत अधिकारी, रमेश देवांगन एसएमडीएस अध्यक्ष, खेमिन साहू मण्डल मंत्री, महेश्वर बनछोर संयोजक, राजू देवांगन सह संयोजक, अशोक यादव बूथ अध्यक्ष, किरण सोनवानी, सुनीता ठाकुर, पार्वती ठाकुर पंच द्वय, दिलेश्वरी देवांगन उपस्थित रहे ।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट




**भिलाई।** इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64b, प्रिया सिंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम (रेड एंड व्हाइट कलर) के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट मिल रही है। यहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना लेंगे उतना ग्राम चांदी फ्री और शादी के गहनो की शॉपिंग पर विशेष डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग दिया जाएगा। ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी जी ने ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए उनको धन्यवाद दिया है। उन्होंने बताया कि उनकी शॉप में हॉलमार्क गहने जिसमें 6 अंकों का huid कोड वाले जेवर उपलब्ध हैं। इन गहनों की वापसी पर कोई भी काट छाट नहीं होती। इतना ही नहीं हां सबसे कम मेकिंग चार्ज लिया जाता है। यहां हर फैमिली के लिए उनके बजट के अनुरूप गहने उपलब्ध हैं। यहां सोने का हार चोकर नेकलेस, से लेकर सोने की अंगूठी, झुमका ऐयरिंग डबल कुंडा फैंसी लॉकेट मंगलसूत्र टॉप्स जैसी हर वजन की वरायटी उपलब्ध है। यहां पायलों की विस्तृत रेंज, करधन, बैंगल्स, हाथफूल, बिछिया व चैन लॉकेट की काफी बड़ी रेंज उपलब्ध है।




# कुम्हारी में इकाई स्तरीय कर्मा महोत्सव आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुम्हारी

नगर साहू संघ कुम्हारी के द्वारा रविवार को नगरीय स्तर पर कर्मा महोत्सव का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के तेलधानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील अहिवारा के अध्यक्ष ढालसिंह साहू ने की वहीं विशेष अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा, परिक्षेत्रीय उपाध्यक्ष मुरारीलाल साव पार्षद उमाकांत साहू , पार्षद अश्वनी देशलहरे पार्षद उमेश्वरी साहु, पार्षद हरिदास वैष्णव तथा परिक्षेत्र के पदाधिकारी सहित अहिवारा तहसील के पदाधिकारी महादेव साडु, सी एल साहू, बलराम साहू एवं निलेश साहू, आदि समाज के विशिष्ट पदाधिकारीगण उपस्थित हुए। शुभारंभ समाज के ध्वजतोरण के साथ हुआ आराध्य देवी संत शिरोमणी माँ कर्मा के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा पाठ कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि जितेन्द्र साहू ने समाज के युवाओं महिलाओं को समाज में जुड़कर कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कर्मा सदन परिसर में वृक्षारोपण भी किया तत्पश्चात कर्मा कलश यात्रा को झंडा दिखाकर प्रस्थान किया। इकाई समाज द्वारा आयोजित इस महोत्सव में समाज के सभी पार प्रमुख पदाधिकारी एवं मातृशक्तियों का सम्मान किया साथ ही समाज के होनहार एवं प्रतिभावान छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया पश्चात उन बच्चों को भी समाज के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत मे समाज के द्वारा भोजन भंडारा का भी आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अशोक साहू अध्यक्ष के नेतृत्व में टिकेन्द्र साहू, देवानंद साहू, देवेन्द्र साहू, तामेश्वर साहू, दुर्गा साहू, श्रीमति मीना, सोहद्रा, उषा, श्यामा साहू, पदमा साहू, युवराज साहू एवं चंदू साहू सहित समाज के सियानों का भी योगदान रहा। अशोक साहू ने आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अंचल की खबरें

### भाजपा इतिहास की रचना कर रही : डॉ. दयाराम



**जामगांव आर।** भारतीय जनता पार्टी के 46 वर्ष पूर्ण होने पर जामगांव आर भाजपा मंडल स्तरीय 47 वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन अटल चौक बेलहारी में किया गया। मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू और युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष नारद साहू के नेतृत्व में आयोजित इस भव्य समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू थे। भाजपा के आधार प्रेरणा स्त्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का पुण्य स्मरण कर समारोह प्रारंभ किया गया। पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल और केवल राष्ट्र को सर्वोपरि मानकर राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित है। राष्ट्र को नुकसान पहुंचाने वालों को चिन्हित कर देश की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाती है। भाजपा के जन्म काल से जुड़े वरिष्ठ भाजपा नेता कामता प्रसाद साहू और कन्हैयालाल साहू ने कहा कि भाजपा की बचपन जवानी और अब परिपक्वता के साथ राष्ट्र के विकास में भागीदार बनते देखने का सुखद अनुभव हो रहा है। इस दौरान रामसिंह बंसोड, लुभम बंछोर, मनीष चंद्राकर, अभयराम ठाकुर, नेतराम निषाद, रूपसिंह सिन्हा, प्रमोद जैन, यादमल गोलछा, महेश साहू, अभिषेक सेन, भेनकुमार चंद्राकर, पूनेंद्र सिन्हा, गजेंद्र साहू, सुरेश बंछोर, दुर्गेश रजक, परमेश्वर चक्रधारी, नरोत्तम निषाद, देवप्रकाश चक्रधारी, राजेश बंछोर, प्रमोद ठाकुर, चुन्नीलाल, नरेंद्र धरमगुड़ी, महेश आदि समारोह में शामिल हुए।

### जामुल में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया



**जामुल।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस जामुल मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता के नेतृत्व में मनाया गया। जिसमें ध्वजारोहण, सम्मान एवं शरबत वितरण हुआ। इसमें मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी जामुल मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता, पूर्व जिला उपाध्यक्ष यशवंत ठाकुर, किसान मोर्चा संभाग प्रभारी रायपुर रेखराम बंछोर, भिलाई जिला सह कोषाध्यक्ष हेमंत देवांगन , जामुल मंडल के महामंत्री ध्रुव देवांगन, ओम प्रकाश साहू, उपाध्यक्ष सुनीता पांडे, अरुण यादव मीडिया प्रभारी, संजय यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष जोगेश्वर सोनी, संजय शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष योगिता साहू, महिला मोर्चा महामंत्री फुलेश्वरी निर्मलकर, प्रिया गुप्ता, पाषर्द कविता विश्वाल, दीपक गुप्ता, रामदुलार गुल्ली, व्यापारी प्रकोष्ठ अंजेश अग्रवाल, देवदत्त शर्मा, विशेश्वर साहू, राजेंद्र चौहान, बजरंग सिन्हा, पूर्व युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र साहू, सुरेश मानिकपुरी, कुलेश्वर वर्मा, एससी मोर्चा अध्यक्ष बी आर रामटेक, दऊवा राम ठाकुर संतोष निषाद रामकृष्ण साहू सरस बर्मन महिला मोर्चा जिला से लक्ष्मी देवी और राजेश्वरी रेड्डी प्रियंका चौधरी आदि भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

### // आम- सूचना //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार जयंती वर्मा पति प्रवीण वर्मा, जाति- कुर्मी, निवासी टिकरा पारा रायपुर, तहसील- आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.) के द्वारा, विक्रेता- सुनंदा शर्मा पति राजेश शर्मा, जाति ब्राम्हण, निवासी आरंग, तहसील- आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.) के नाम, हक व स्वामित्व की भूमि वाके मौजा ग्राम- अमलेश्वर, प.ह.न.- 05, तहसील-पाटन, रा.नि.म.- अमलेश्वर, जिला- दुर्ग (छ.ग.) मे स्थित खसरा नं.- 176 / 12, शामिल 178 / 7 रकबा 0.25 हे० (2750 वर्गफुट), खसरा नं. 176 / 13 शामिल 178/8 रकबा 0.021 हे० (2250 वर्गफुट) भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना राशि दे दिया है तथा विधिवत रजिस्ट्री की कार्यवाही किया जाना है।

अतः उपरोक्त भूमि के स्वामित्व आधिपत्य के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम , निकाय, बोर्ड, प्राधिकरण, एवं राज्य, केन्द्र शासन व साहूकार आदि को उक्त संव्यवहार व उसके किसी भाग पर उजर, दावा व आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के सात दिवस के पूर्व मय दस्तावेज अपनी आपत्ति मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे, अन्यथा समयावधि 7 दिन पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त भूमि का बयनामा पंजीयन अपने पक्ष में करवा लिया जावेगा, बाद मे न्याद की गई आपत्ति शून्य होने से मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी ।

अतः सो सूचना जाने ।

स्थान- पाटन
दिनांक-06-04-2026

अधिवक्ता
षठवदन देवांगन (सुजल देवांगन)
तहसील - कार्यालय पाटन जिला- दुर्ग
मो. न.- 7869890725

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक उतई, तहसील - दुर्ग, जिला - दुर्ग (छ.ग.)

### -:: आम सूचना ::-

दिनांक-06/04/2026

विषय :- बंदोबस्त त्रुटि सुधार/सीमांकन / स्थल निरीक्षण हेतु ।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अति. तहसीलदार/नायब तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 554 ...वाचक / तह. 2026/दिनांक 22/01/2026 के परिपालन में आवेदक श्री रामसिंह गुरूनाम सिंह निवासी रिसाली (भिलाई)द्वारा ग्राम हनोदा प.ह.नं. 53 रा.नि.मं. उतई, तह.व जिला दुर्ग, (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 226/1 रकबा 0.5700 हे... न्यायालय में बंदोबस्त त्रुटि सुधार/सीमांकन/स्थल निरीक्षण हेतु ज्ञापन प्राप्त हुआ है। न्याया. अति. तहसीलदार/नायब तहसीलदार दुर्ग के प्र. क्रमांक 554...वाचक / तह. 2026/ दिनांक 22/01/2026 के परिपालन में दिनांक 09/04/2026 को समय 11.00 से 5.00 बजे स्थल में उपस्थित होकर आवेदित भूमि का जांच किया जाना है ।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त वाद भूमि पर प्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के दस्तावेज जैसे रजिस्ट्री बैनामा, ले-आउट, किसान किताब, बन्दोबस्त के पूर्व के अभिलेख, बी-1, नक्शा, खसरा सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते है । तत् पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

हस्ताक्षर
राजस्व निरीक्षक
उतई तह. व जिला दुर्ग

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न

जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज

सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# चर्च भवन को अवैध बताकर निगम में की शिकायत, फिर मामला सेटल करने मांगे रुपए

## समुदाय के सदस्यों ने छावनी थाना में की लिखित शिकायत, निगम आयुक्त को सौंपा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कैंप 1 सुंदर नगर में एनुऐल प्रार्थनालय सेवा संस्थान द्वारा निर्माणाधीन चर्च विवाद बढ़ता जा रहा है। समुदाय के लोगों ने रवि निगम और भिलाई निगम के द्वारा गलत शिकायत और गलत कार्यवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने इसको लेकर छावनी थाना और भिलाई निगम आयुक्त को शिकायत भी सौंपी है। समाज के लोगों ने शिकायत में बताया है कि कुछ लोगों की शिकायत पर भिलाई निगम ने संस्था के लोगों को नोटिस जारी कर उनके द्वारा कराए जा रहे चर्च के निर्माण को अवैध बताया जा रहा है। निगम ने मामले की जांच कराकर पंचनामा भी तैयार किया है, जिसमें शिकायत पूरी तरह से झूठ निकली है। उन्होंने बताया कि निगम ने अज्ञात व्यक्ति की शिकायत पर कार्रवाई की और बिना जांच किए नोटिस जारी कर दिया। अब उस नोटिस को वापस लेने के लिए कुछ लोगों द्वारा एक हिंदू दल का नाम लेकर लाखों रुपए की डिमांड की जा रही है। इसकी शिकायत समाज के लोगों ने छावनी थाने में की और वो रिकार्डिंग भी सौंपी, जिसमें उनसे पैसों की डिमांड की जा रही है। आरोप है कि अज्ञात शिकायतकर्ता द्वारा एनुऐल प्रार्थनालय से 5 लाख रुपये की डिमांड की गई है। पैसा न देने पर निगम से शिकायत कर निर्माणाधीन भवन को तुड़वाने की धमकी दी जा रही है। शिकायत पर छावनी पुलिस ने जांच की और आरोपी को गिरफ्तार भी किया था, फिर जांच की बात कहते हुए उन्हें छोड़ दिया गया। समाज के लोगों का दावा है कि उक्त चर्च भवन अवैध नहीं है, चर्च निजी भूमि पर बनाया जा रहा है। चर्च का पुराना भवन जर्जर हो गया था, कोई अप्रिय हादसा न हो इसको देखते हुए सुधारात्मक निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस चर्च से सैकड़ों लोगों की धार्मिक भावनाएं जुड़ी हैं। उन्होंने मांग की है कि मामले पर संज्ञान लेकर जांच की जाए और समुचित कार्रवाई की जाए।



### सामुदायिक भवन में कब्जा कर चल रहा अवैध चर्च




समाज के सदस्य एस बाला राजू ने बताया कि रवि निगम के कहने पर उनके समाज की महिलाएं मेरी पुष्पा, एस लता और गिरलोरी ने शिकायत की है उनके द्वारा बनाया जा रहा चर्च भवन अवैध है। उन्होंने कहा कि उन महिलाओं के द्वारा 2012 में निगम द्वारा बनाए गए सामुदायिक भवन में कब्जा करके चर्च अवैध रूप से चलाया जा रहा है। निगम और पुलिस प्रशासन को चाहिए कि उस पर कार्रवाई कर भवन को समाज कौ सौंपा जाए, जिससे सभी समाज के लोग उसका सदुपयोग कर सकें। उन्होंने कहा कैंप 1 का चर्च निजी जमीन में बन रहा है, उसे निगम द्वारा अवैध बताया जा रहा है।इसमें नगर निगम भिलाई और रवि निगम की सांठगाठ साफ दिखाई दे रही है।

## खबर संक्षेप

### कन्हैया बने चेम्बर ऑफ कॉमर्स भिलाई के सलाहकार



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री भिलाई ने वरिष्ठ एवं अनुभवी व्यापारी कन्हैया सोनी को संगठन का सलाहकार नियुक्त किया है। प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि इस नियुक्ति से चेम्बर को उनके अनुभव, दूरदृष्टि एवं व्यापारिक समझ का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर चेम्बर के सदस्यों एवं व्यापारिक संगठनों ने कन्हैया सोनी को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। इस नियुक्ति समारोह में चेम्बर के पदाधिकारियों में उद्योग चेम्बर अध्यक्ष जेपी गुप्ता, अजित सिंह, प्रभुनाथ मिश्रा, पंकज सेठी, रितेश अग्रवाल, लक्ष्मण बकतानी, विकास जायसवाल, शंकर सचदेव आदि मौजूद थे।

### एसएमएस-2 का कीर्तिमान स्टील लेडल लाइफ 143 हीट्स तक पहुंचा

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के इस्पात गलन शाला–2 ने नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए 143 हीट्स स्टील लेडल लाइफ प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल किया। इससे पूर्व अधिकतम लेडल लाइफ 140 हीट्स था। यह उपलब्धि संयंत्र की तकनीकी दक्षता, सतत निगरानी एवं सुव्यवस्थित अनुरक्षण प्रणाली का उत्कृष्ट उदाहरण है। लेडल संख्या–31 का अभियान 16 जनवरी 2025 से प्रारंभ हुआ, जिसके दौरान प्रत्येक हीट के बादलेडल बे ऑपरेशन टीम एवं रिफ्रैक्टरी इंजीनियरिंग विभाग द्वारा सतत निरीक्षण एवं निगरानी सुनिश्चित की गई। मध्यवर्ती अनुरक्षण के दौरान बॉटम, मेटल जोन एवं स्लैग जोन पर विशेष ध्यान दिया गया, जिससे लेडल की कार्यक्षमता एवं जीवन अवधि में उल्लेखनीय वृद्धि संभव हो सकी।

### ट्रैफिक पुलिस की सख्ती से मौत में आई कमी

**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस द्वारा वर्ष 2026 में सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सघन वाहन जांच, चालानी कार्रवाई की जा रही है। विशेष रूप से बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले, शराब पीकर, लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा की गई सख्ती से सकारात्मक प्रभाव सड़क हादसों में दिख रहा है। इसमें मौत के आंकड़ो में कमी आ रही है। वर्ष 2025 में जनवरी से मार्च तक सड़क हादसों में 114 व्यक्तियों की मौत हुई थी। जबकि वर्ष 2026 में इसी अवधि में यह संख्या घटकर 88 हो गई है। वर्ष 2025 में जनवरी से मार्च तक कुल 20,045 चालान किए गए थे।

## बीएसपी में जल्द और बढ़ेगा मैनपावर क्राइसेस, वर्कलोड में भी वृद्धि

# नियमित कर्मियों के लिए वीआर स्कीम को मंजूरी व ठेका श्रमिकों की होगी 20% कटौती

### कर्मियों व श्रमिकों की संख्या कम होने से बढ़ेगा चौतरफा दबाव, यूनियनों ने किया पुरजोर विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल के सबसे बड़े उपक्रम भिलाई इस्पात संयंत्र में जल्द मेनपावर क्राइसेस की समस्या और बढ़ेगी। नियमित कर्मचारियों के साथ अब ठेका श्रमिकों की संख्या कम करने प्रबंधन ने शिकंजा कसना शुरु कर दिया है। इसके लिए कवायद शुरु हो गई है।

उल्लेखनीय है कि सेल के विस्तारीकरण योजना में विलंब के लिए बढ़ती लागत के साथ मेन पावर को भी एक बड़ा कारण माना जा रहा है। सरकार की विनिवेशीकरण नीति के तहत सार्वजनिक उपक्रमों में नई भर्तियां बंद होने के साथ इनमें आउटसोर्सिंग बढ़ाने के साथ निजीकरण का दौर भी जारी है। बीएसपी में भी कई विभागों व अनुभागों में कई काम आउटसोर्स पर दे दिये गये हैं। वहीं नई भर्ती पर पिछले कई साल से रोक लगी हुई है। वहीं हर माह कर्मियों के थोक में रिटायर होने से मेन पावर कम होता जा रहा है। इसके बाद भी अब सेल ने अब नियमित कर्मियों के साथ पहली बार ठेका मजदूरों की संख्या कम करने की कवायद शुरु हो गई है। इसके साथ ही यूनियनों ने इसका विरोध भी शुरु कर दिया है। श्रमिक संगठनो के मुताबिक प्रबंधन ने बीएसपी में आने वाले समय में मात्र 6 हजार नियमित कर्मी रखे जाने का लक्ष्य तय किया है वहीं अब ठेका मजदूरों की संख्या में 20 प्रतिशत कटौती किए जाने का भी फरमान जारी कर दिया है।

इससे संयंत्र में वर्कलोड, दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी और श्रमिक वर्ग में बेकारी की समस्या बढ़ेगी। एटक के महासचिव विनोद कुमार सोनी बताते हैं कि मेनपावर संकट बढ़ने से काम का दबाव व मजदूरों में बेकारी जैसी कई तरह की समस्याएं बढ़ जाएगी। यह श्रमिक विरोध कदम है।



### नियमित व ठेका श्रमिक होंगे कम

बीएसपी में मेन पावर कम करने के लिए कंपनी जहां नियमित कर्मियों के लिए स्वेच्छिक सेवा निवृत्ति योजना (वीआर स्कीम ) ला रही है वहीं ठेका श्रमिकों को कम करने के लिए बीस प्रतिशत छंटनी का कदम उठाया जा रहा है। बीआर स्कीम को उच्च प्रबंधन ने मंजूरी दे दी है और जल्द ही इसकी प्रारंभिक प्रक्रिया शुरु हो जाएगी। वहीं बीस प्रतिशत मजदूरों की कटौती के लिए सर्वे हो रहा है। इसके तहत सभी विभगों मे श्रमिक कम किए जाने हैं। वर्तमान में बीएसपी में 24 हजार ठेका मजदूर व मात्र 10 हजार नियमित कर्मचारी व 3 हजार अधिकारी बचे हैं। हर महीने बीएसपी मे करीबन सौ कार्मिक रिटायर हो रहे हैं। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के महासचिव संजय साहू बताते हैं कि मजदूरों की बीस प्रतिशत छंटनी का निर्णय श्रमिक हित में नहीं है इसका यूनियन पुरजोर विरोध करेगी।

### चौतरफा बढ़ेगी समस्या

बीएसपी में एक ओर विस्तारीकरण होना है। वही दूसरी ओर पहले से कम मेन पावर को और कम किया जा रहा है। इससे चौतरफा समस्याएं बढ़ेंगीं। यूनियनों के मुताबिक वर्तमान में संयंत्र में कई अनुभागों में गिनती के कर्मचारी बचे हैं। गैर उत्पादन कार्यों में ठेका मजदूरों पर निर्भरता बढ़ रही है। यदि नियमित व ठेका श्रमिक को और कम किया जाएगा तो दोनों वर्गों के लोगों पर वर्कलोड बढ़ने से हादसे बढ़ेंगे। भिलाई कर्मचारी यूनियन के महासचिव अशोक माहौर ने कहा कि नियमित कर्मचारियों की भर्ती होना जरुरी है, ताकि ठेका मजदूरों के कार्य नियमित कर सकें।

# बीएसपी के ठेका श्रमिकों को नहीं मिल रहा न्यूनतम वेतन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के ठेका मजदूरों को न्यूनतम वेतन भुगतान को लेकर यूनियनों प्रबंधन के साथ सरकार पर दबाव बढ़ाना शुरू कर दिया है। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक ने अब इस्पात मंत्री व श्रम मंत्री को पत्र लिखकर जल्द न्यूनतम वेतन दिलवाने की मांग की है।

■ इंटक ने श्रम व इस्पात मंत्री को लिखा पत्र

यूनियन के अध्यक्ष संजय कुमार साहू ने पत्र में बताया कि सेल एवं भिलाई इस्पात संयंत्र में उत्पादन उत्पादकता एवं लाभार्जन में महत्वपूर्ण योगदान करने वाले ठेका श्रमिकों को वर्तमान राज्य सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन नहीं दिया जा रहा है इस विषय को लेकर इंटक यूनियन लंबे समय से सेल प्रबंधन से मांग करती रही वर्तमान में नया केंद्रीय न्यूनतम वेतन के सर्कुलर जारी होने के बादउसमें सेल को शामिल नहीं करने के कारण वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन ही दिया जा रहा है। यूनियन ने दोनों केंद्रीय मंत्री के नाम बीएसपी के महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध एवं ठेका प्रकोष्ठ विकास चंद्र को ज्ञापन सौंपकर जल्द केंद्रीय न्यूनतम वेतन लागू करने की मांग की गई है। प्रतिनिधि मंडल में चंद्र प्रकाश वर्मा दीनानाथ सिंहसार्वा आर दिनेश गुरुदेव साहू किशोर कुमार प्रधान उपस्थिति थे।

### नवोदय में चयनित और सेवानिवृत्त कर्मियों का सम्मान



**सेलूद।** सेलुद के सेवानिवृत्त नागरिक और नवोदय विद्यालय में चयनित छात्र सम्मान समारोह भारत भवन बाजार चौक सेलूद में आयोजित किया गया। इनमें सेवानिवृत्त दुलासिंह ठाकुर, राईस मिल विभाग से सेवानिवृत्त लक्ष्मण कुमार वर्मा, पशु चिकित्सा विभाग से सेवानिवृत्त बी आर साहु और शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हरिचरण ठाकुर का शॉल, श्रीफल, बैज, गुलाल व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। इसी तरह पटेल चौक सेलुद निवासी ऋषि कुमार ठाकुर के पुत्र ठगेश कुमार ठाकुर को सफर बैग, शॉल-श्रीफल, सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया ।

### पिता को जान से मारने की धमकी, एसएसपी से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पुत्र ने अपने ही पिता को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत पीड़ित ने एसएसपी से की है। बाजार चौक भिलाई तीन निवासी सतनाम सिंह ने बताया कि उसके बेटा ध्यान सिंह के नाम 17 डिसमिल जमीन पर बने 6 दुकानों की वसीयत मां ने कर दिया था। जिसमें 3.50-4 करोड़ रुपए में कोरोना के समय बेच कर सारा रकम अपने पास रख लिया। पीड़ित के नाम पर चार दुकान, डबल मंजिला मकान भी ध्यान पाकर परेशान कर रहा है। अब अपने बेटा ध्यान से अपनी संपत्ति वापस पाने के लिए पीड़ित गुहार लगा रहा है। सतनाम सिंह के मुताबिक सब मिलने के बाद बेटा ध्यान ने उसकी उपेक्षा करना शुरू कर दिया और दाने दाने के लिए आज पीड़ित मोहताज है।

■ भिलाई तीन थाना क्षेत्र की घटना

सतनाम के पास जीवन चलाने का कोई साधन नहीं है। सतनाम सिंह ने अपने बेटे के नाम मकान को खुद के नाम करने के लिए अदालत में गुहार लगाई है। पीड़ित का आरोप है कि बेटा अब पिता को जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित हाई बीपी और शुगर का मरीज हैं। सतनाम सिंह ने बताया कि बेटा ध्यान ने धमकी दी है कि जो भी मदद करेगा उसकी खैर नहीं है।

## वार्ड 30 में विकास कार्य को लेकर दिगभ्रमित हो रहे हैं वार्डवासी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत आने वाले वार्ड 30 प्रगति नगर पंजाबी मोहल्ला एवं हैदराबाद कॉलोनी में रोड, नाली, पुलिया नहीं होने से क्षेत्र में गंदगी का आलम देखा जा रहा था। क्षेत्रवासी लगातार पार्षद सत्या देवी जायसवाल से विकास कार्यों की मांग कर रहे थे।

■ वार्ड में हो रहा है गुणवत्तापूर्ण कार्य : जायसवाल

पार्षद सत्या देवी जायसवाल ने क्षेत्र का निरीक्षण किया तो पाया कि क्षेत्र में सबसे बड़ी समस्या शुद्ध पेयजल की है। उन्होंने शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करवाई उसके बाद लगभग 8 लाख रुपए का विकास कार्य सांसद विजय बघेल के अधोसंरचना मद से स्वीकृत किया गया। फिर सांसद बघेल की करकमलों से भूमिपूजन भी संपन्न हो गया। अब जब यहां नाली निर्माण, पुलिया निर्माण एवं सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है, तब क्षेत्र के कुछ लोग पूरे मोहल्लेवासियों को दिगभ्रमित करने में लगे हुए हैं कि यह कार्य ठीक नहीं हो रहा है इसे लेकर कुछ देर दिगभ्रमित होने के बाद अपनी गलती को स्वीकार करते हुए विकास कार्यों की गुणवत्ता और चरणबद्ध तरीके से हो रहे कार्यों को देखते हुए वार्ड पार्षद सत्या देवी जायसवाल के साथ खड़े रहने का फैसला किया है। जहां कुछ लोग इस विकास कार्य को लेकर राजनीति करना चाहते हैं जो सफल नहीं हो पाएगी।

### 97 साल पुराने हनुमान मंदिर का किया गया जीर्णोद्धार

**धमधा।** नगर में हनुमान जन्मोत्सव भारी धूमधाम से मनाया गया तमेर पारा स्थित मंदिर वाले परिवार द्वारा निर्मित 97 साल पुराने हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया। राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की भव्य प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा कर स्थापित की गई। इस अवसर पर मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य यजमान मंदिर वाले परिवार धमधा के भिलाई निवासी टेक चंद इंदू देवी ताम्रकार व प्रदीप मंजु देवी ताम्रकार, पुरोहित पंडित शत्रुघ्न जोशी व धर्मेंद्र जोशी के द्वारा विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा एवं हनुमान जयंती का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। पूर्वजों ने 97 वर्ष पहले मंदिर का निर्माण कराया था। जिसे आज मंदिर वाले परिवार के प्रमुख टेक चंद ताम्रकार के द्वारा भारी भव्य रूप में जीर्णोद्धार कराया गया है। मंदिर वाले परिवार सभी शुभचिंतकों का हनुमान जन्मोत्सव में आने पर आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर मिनेष चंद ताम्रकार, कौशल प्रसाद ताम्रकार, नंदकुमार ताम्रकार, संतोष ताम्रकार अधिवक्ता, हुकुम ताम्रकार, नगर पंचायत गंडई के पूर्व अध्यक्ष अश्वनी ताम्रकार, पार्षद देवकी ताम्रकार उज्जवल ताम्रकार, अरुण ताम्रकार, कल्याण सिंह चौहान, तारन सिंह ठाकुर, नरेंद्र सिंह ठाकुर, लाला सिंह ठाकुर, अम्बरीष, श्रवण ताम्रकार और अशोक ताम्रकार के साथ दुर्ग रायपुर भिलाई गंडई के साथ नगर के श्रद्धालु गण उपस्थित थे।

## पानी आपूर्ति बहाल करने पाइपलाइन इंटर कनेक्शन का काम जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शहर में पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सुपेला क्षेत्र के लक्ष्मी नगर निजामी चौक में नई टंकी से पाइपलाइन इंटरकनेक्शन का कार्य तेजी से प्रगति पर है। इस कार्य के पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को नियमित एवं पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

■ पेयजल को व्यवस्थित करने निगम अमला जुटा

निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार, नई टंकी से पुरानी पाइपलाइन को जोड़ने का कार्य योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है, ताकि जल वितरण प्रणाली में किसी प्रकार की बाधा न आए। कार्य के दौरान तकनीकी मापदंडों और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। स्थानीय नागरिकों को कार्य पूर्ण होने के बाद जल संकट से राहत मिलने की उम्मीद है। निगम प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करते हुए आम नागरिकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

### आग से करोड़ों रूपए के नुकसान की आशंका

# भिलाई इस्पात संयंत्र में फिर हादसा, पीएबी में लगी आग से टरबाईन राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। मंगलवार को फिर हुए एक हादसे में नौ लोग घायल हो गए। संयंत्र के पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन 2 में अचानक लगी आग से दो नियमित कर्मचारी सहित 8 ठेका मजदूर घायल हो गए। दुर्घटना से कोई जनहानि नहीं हुई। सभी घायलों के मेन मेडिलकल पोस्ट व सेक्टर नौ अस्पताल दाखिल कराया गया। प्राथमिक उपचार के 7 लोगों को छोड़ दिया गया । सेक्टर नौ हास्पिटल पैर फैक्चर होने से घायल एक मजदूर का उपचार चल रहा है।

सुबह करीब 10 बजे एसटीजी -4 में उस समय दहशत और अफरा-तफरी मच गई जब जब यहा टर्बाइन में हुए अचानक विस्फोट से आग लग गई। आग लगने स टर्बाइन हॉल में धुआं फैल गया। इस दौरान कर्मचारी व ठेका मजदूर 30 फीट ऊपर चढ़कर कूलर फिट कर रहे थे। आग देख सभी जान बचाने के लिए नीचे कूदे। इससे दो नियमित कर्मचारी और 7 ठेका मजदूर घायल हो गए। करीबन दो घंटे मेंआग पर काबू पाने के साथ घायलों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बाहर निकलते समय अफरा-तफरी के दौरान एक संविदा कर्मचारी के पैर में फ्रैक्चर हो गया वहीं सात मजदूर चोटिल हो गए। लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई है। एहतियात के तौर पर दो नियमित कर्मचारी व पांच संविदा श्रमिकों को सेक्टर-9 मुख्य अस्पताल भेजा गया, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। एक कर्मचारी का पांव फैक्टर है जिसका उपचार चल रहा है। आग से करोड़ों रुपए का टरबाईन व केबल आदि जल गया। रिपेयर काम की प्रक्रिया शुरु हो गई है । प्रबंधन ने घटना की जांच के आदेश दे दिये हैं। गौरतलब हो कि पिछले पखवाड़े भर में तीन ठेका मजदूरों की मौत हो चुकी है।



### नीचे कूदकर बचाई जान

टरबाइन फटने से आग लगने पर किसी को बचने का रास्ता नहीं मिल रहा था। छत पर भी गए, लेकिन वहां धुआं से कुछ समझ में नहीं आया। इसके बाद केबल के बंगल को खोलकर विंडो में बांधा गया। इसके सहारे सबको बारी-बारी से नीचे टीन शेड पर सुरक्षित उतारा गया। घायल मजदूरों ने बताया कि आग टर्बाइन फटने से लगी । शिवमोहन ने बताया की सभी मजदूर कूलर बदलने के लिए ऊपर चढ़े थे। जान बचाने के लिए वायर पकड़कर नीचे उतरे। इससे हाथ और पैर में चोट लगी। हादसे की खबर लगते ही इंटक के महासचिव संजय साहू, सीपी वर्मा, गुरुदेव साहू, पूरन वर्मा मेन मेडिकल पोस्ट पहुंचे। घालयों का प्राथमिक उपचार कराने के बाद सेक्टर 9 हॉस्पिटल भेजवाने में सहयोग दिए।

### कोई जनहानि नहीं : प्रबंधन

प्रबंधन सूत्रों के मुताबिक आग लगने से कोई जनहानि नहीं हुई है। सुबह 10.5 बजे पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन के एसटीजी -4 टरबाईन में आग लगने से टरबाईन हाल में धुआं भर गया। फायर ब्रिगेड दल ने त्वरित काम करते हुए घंटेभर में आग पर काम कर रहे सभी कर्मियों व श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। घायल दो नियमित व 5 संविदा कर्मियों को उपचार के लिए सेक्टर नौ अस्पताल भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार जारी है। अफरा तफरी में एक श्रमिक का पैर फैक्चर हुआ है। कोई जनहानि नहीं हुई है।





04 आंखें दिखेंगी बोल्ड और खूबसूरत...


**लाइव इवेंट**

## पृथ्वी से आकाश तक का सफर भूगर्भशास्त्र में सभी विषयों का समावेश





**दुर्ग।** भूगर्भशास्त्र में सभी विषयों का समावेश होता है, पृथ्वी से लेकर आकाश तक सभी के बारे में भूगर्भशास्त्र विषय में अध्ययन किया जाता है। ये उद्गार शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने विश्व जियोलॉजिस्ट दिवस के अवसर पर भूगर्भशास्त्र विभाग द्वारा ऑनलाईन रूप से आयोजित कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किये। इस अवसर पर भूगर्भशास्त्र विषय के लगभग 100 से अधिक स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थी ऑनलाईन रूप से उपस्थित थे।

भूगर्भशास्त्र विभाग की उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि अन्य विभागों को भी इससे प्रेरणा लेना चाहिए। कार्यक्रम के आरंभ में भूगर्भशास्त्र के प्रोफेसर डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि विश्व स्तर पर प्रतिवर्ष अप्रेल माह के प्रथम रविवार को जियोलॉजिस्ट दिवस मनाया जाता है। भूगर्भशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस.डी. देशमुख ने विभाग की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि सत्र 2025-26 में विभाग के विद्यार्थियों ने प्रतियोगी परिक्षाओं में सफलता प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रौशन किया है।

मुख्य अतिथि स्वामी आत्मानंद मॉडल कॉलेज जगदलपुर के प्राचार्य डॉ. राजीव गुहे ने भूवैज्ञानिकों के संघर्षमय जीवन और भूगर्भशास्त्र विषय की महत्ता पर प्रकाश डाला। डॉ. गुहे ने विद्यार्थियों से कहा कि वे थ्योरी के साथ-साथ मुख्य रूप से फील्ड वर्क पर अपना ध्यान केन्द्रित करें। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण जीएसआई के पूर्व डायरेक्टर जनरल नीतिश दत्ता ने विद्यार्थियों को जियोलॉजिस्ट डे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह विषय काफी रोचक है, लेकिन इसको समझने के लिए विद्याथियों को ज्यादा से ज्यादा फील्ड वर्क करना होगा। अंत में आभार व्यक्त डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने किया।

**लाइव इवेंट**

## ग्रीष्मकालीन सेवा सप्ताह की शुरुआत, 7 दिनों तक राहगीरों को शीतल पेय और फलों का वितरण



**दुर्ग।** अग्रवाल समाज दुर्ग की इकाई अग्रवाल महिला मंडल द्वारा इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन सेवा सप्ताह की शुरूआत की गई। इस सेवा सप्ताह के अंतर्गत अग्रसेन भवन दुर्ग के सामने सात दिनों तक प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के शीतल पेय एवं फलों का वितरण राहगीरों को किया जाएगा। सेवा सप्ताह के पहले दिन मीठी एवं नमकीन ठंडी लस्सी का वितरण किया गया, जिसका सैकड़ों राहगीरों ने लाभ उठाया और महिला मंडल की इस सेवा भावना की सराहना की। उद्घाटन समारोह में अग्रवाल समाज दुर्ग के अध्यक्ष एवं संपूर्ण कार्यकारिणी, अग्रवाल यूथ क्लब एवं युवा मित्र मंडल के पदाधिकारी, संरक्षक, संरक्षिकाएं और महिला मंडल की सभी मातृशक्ति की विशेष रूप से उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों में उत्साह और सेवा के भाव दिखाई दिये। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी सीमा सेक्सरिया, शारदा अग्रवाल, सीमा खेमका और सुमन मोदी ने बताया कि कार्यक्रम में अग्रवाल समाज दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष, संरक्षक, युवा मंडल अध्यक्ष, अग्रवाल यूथ क्लब के अध्यक्ष एवं सभी कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष उषा अग्रवाल, सरिता गोयल, मंजू अग्रवाल, संगीता राजगढ़िया, राजरानी अग्रवाल, अनीता बंसल, आरती अग्रवाल वर्तमान अध्यक्ष नीलू अग्रवाल, महासचिव श्वेता अग्रवाल, सचिव प्रीति राजगढ़िया, कोषाध्यक्ष तृप्ति अग्रवाल सहित पूरी कार्यकारिणी सदस्यों ने सक्रिय रूप से उपस्थित रहकर अपनी सहभागिता दी।



## गजानन महाराज मंदिर हुडको में किया सामूहिक पूजन



**भिलाई।** नई पीढ़ी को चैत्र में हिंदू नव वर्ष की शुरूआत समझाने के लिए विक्रम संवत 2083 की रामनवमी के अवसर पर संस्कार भारती दुर्ग जिला इकाई के सदस्यों ने सूर्योदय के समय हुडको तालाब भिलाई में अर्ध्य चढ़ाकर सूर्यनारायण की पूजन कर नमन किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष कीर्ति व्यास, महामंत्री संजय तनखीवाले, कोषाध्यक्ष विकास पांडे के साथ ही एम.आर.नायडू, प्रभाकर क्षीरसागर और राजेश चौकसे उपस्थित थे।

● रूंगटा यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने प्लास्टिक का देसी विकल्प खोजा, रिसर्च के लिए मिले 32 लाख

# खेतों के कचरे से बनेगी बोतल, ढक्कन और खाने के डिब्बे, प्लास्टिक का देशी विकल्प किया गया तैयार

**रूंगटा यूनिवर्सिटी की फैकल्टी ने प्लास्टिक का विकल्प तैयार किया है, जो पूरी तरह से डिस्पोज किया जा सकता है। उस उत्पाद से खाद भी तैयार किया जा सकेगा। वर्तमान समय में प्लास्टिक की पानी की बोतल, उसका ढक्कन, प्लास्टिक के खाने के डिब्बे इस्तेमाल करने के बाद कचरा नहीं डिस्पोज नहीं होता है।**

**भिलाई।** वर्तमान में की फैकल्टी ने खेतों के कचरे से ऐसी नई तकनीक विकसित की है, जो प्लास्टिक का सस्ता, मजबूत और पूरी तरह पर्यावरण के अनुकूल विकल्प बनेगा। इस तकनीक में बांस के रेशे, इमली के बीज का पाउडर, स्टार्च और बायोपॉलिमर पीएलए मिलाकर एक खास बायोकॉम्पोजिट तैयार किया गया है। यह पूरी तरह स्वदेशी और प्राकृतिक संसाधनों से बना है। इसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह उपयोग के समय मजबूत रहे और उपयोग के बाद आसानी से मिट्टी में मिल जाए। यानी अभी तक जो काम प्लास्टिक कर रहा है, वही अब यह नई तकनीक करेगी। इससे पानी की बोतल से लेकर सबकुछ बनाया जा सकेगा। इस प्रोजेक्ट को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद की रिसर्च प्रमोशन स्कीम के तहत 32.56 लाख रुपए का सहयोग मिला है, जिससे इसे बाजार तक लाने की प्रक्रिया तेज हुई है। इसके साथ ही इसको कर्मशियल बनाने के लिए बड़े पैमाने पर रिसर्च भी की जा रही है।

### कितनी जल्दी बन जाएगी खाद

इस तकनीक का इजाद करने वाले एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अग्निवेश सिन्हा ने बताया कि, इस मटेरियल की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह लगभग 170 दिनों में 90 प्रतिशत से ज्यादा जैव-अपघटित हो जाता है। यानी यह प्लास्टिक की तरह सालों तक नहीं रहता, बल्कि कुछ महीनों में ही मिट्टी में मिलकर खाद बन जाएगा। यह नया पैकेजिंग उत्पाद प्लास्टिक के बराबर मजबूत हैं। इनमें अच्छी ताकत, लचीलापन और नमी व ऑक्सीजन को रोकने की क्षमता है। साथ ही यह खाने-पीने की चीजों के लिए सुरक्षित हैं, इसलिए खाद्य पैकेजिंग के लिए भरोसेमंद विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। यह तकनीक खासतौर पर पैकेजिंग सेक्टर के लिए विकसित की गई है। इसके जरिए बोतलों के ढक्कन, छोटे कंटेनर और खाद्य पैकेजिंग जैसे कठोर उत्पाद बनाए जा रहे हैं।




### पर्यावरण को मिलेगी राहत

इस तकनीक से प्लास्टिक का कचरा कम होगा, जिससे जमीन और पानी का प्रदूषण घटेगा। साथ ही कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आएगी। यह सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देगा, जिसमें कचरे को ही उपयोगी चीजों में बदल दिया जाएगा। इस कोशिश से खेती का बचा हुआ कचरा अब बेकार नहीं जाएगा। इससे किसानों को अतिरिक्त आय मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर बनेंगे। साथ ही पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

### सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगी है रोक

आज प्लास्टिक दुनियाभर में सबसे बड़ी समस्या बन चुका है। यह आसानी से खत्म नहीं होता और जमीन, पानी व हवा को लंबे समय तक नुकसान पहुंचाता है। सिंगल यूज प्लास्टिक के कारण नदियां गंदी हो रही हैं, फसलें प्रभावित हो रही हैं और लोगों की सेहत पर भी असर पड़ रहा है। इसी वजह से सरकार ने 2022 में इस पर रोक लगाई, लेकिन इसके बेहतर विकल्प की कमी अब तक बनी हुई थी। इस तकनीक के जरिए इस गैप को सही करने की कोशिश दोबारा से शुरू की गई है।

### उद्योग के लिए आसान और सस्ता



रूंगटा यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. एजाजुद्दीन ने बताया कि, इस तकनीक को मौजूदा इंजेक्शन मोल्डिंग मशीनों पर ही बड़े पैमाने पर तैयार किया जा सकता है। यानी कंपनियों को नई मशीनों पर खर्च नहीं करना पड़ेगा। इससे उत्पादन सस्ता और आसान रहेगा। यह पूरी तरह स्वदेशी तकनीक है, जिससे आयात पर निर्भरता कम होगी और देश में ही उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। फिलहाल यह तकनीक परीक्षण और पायलट स्तर पर है। इसे जल्द ही व्यावसायिक स्तर तक ले जाकर बाजार में उतारने की योजना पर काम तेज हो गया है।

## श्रद्धा, भक्ति और उत्साह से भाव रामायाण की दी प्रस्तुति, मिली सराहना

**भिलाई।** सृजन महिला महाराष्ट्र मंडल के तत्वावधान में भाव रामायण का आयोजन लोकांगन परिसर वैशाली नगर में श्रद्धा, भक्ति भाव और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और राम स्तुति व प्रार्थना से किया गया।

इस अवसर पर विधायक पत्नी रिचा रिकेश सेन उपस्थित रही। साथ ही सृजन महिला महाराष्ट्र मंडल वैशाली नगर की पूर्व अध्यक्ष व संस्थापक सदस्य मृदुला रोजिंदार और सुलभा राजपूत, डॉ सविता देशमुख, वरदा जोशी सहित कई वरिष्ठ सदस्याएं उपस्थित रही। मंजीरी देशपांडे, भारती गनोरकर सहित महिला महाराष्ट्र मंडल से शामिल पराधिकारियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सृजन महिला महाराष्ट्र मंडल की अध्यक्ष मोनिका मोदी, उपाध्यक्ष अंजली एवं कोषाध्यक्ष वसुधा गंगणे ने बताया कि



भाव रामायण के आयोजन में मंडल की वरिष्ठ सदस्य अलका गोवर्धन और शिवांगी पारधी का विशेष सहयोग रहा।

भाव रामायण में प्रभु श्रीराम चन्द्र के जीवन पर आधारित उनकी लघु नाटिका को संवाद, गीत और नृत्य के माध्यम से श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ महिलाओं ने प्रस्तुत किया, जिसे देख उपस्थित जन भाव विभोर हो उठे। इस नाटिका में महिला मंडल की शिवांगी, संगीता, मीना, मालती, अर्पणा, अर्चना, अनित, वंदना, दीपा, श्रद्धा, बाल कलाकार सिद्धार्थ, आर्य, सक्षम, आद्या, आराध्या ने सजीव भूमिका की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन अर्चना, राजश्री और आभार अंजली ने दिया।

## बुजुर्गों का आशीर्वाद हमारी अमूल्य धरोहर वृद्धाश्रम में बांटे फल और सामान



**भिलाई।** बी.एस पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-7 रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से बुजुर्गों की सेवा की पहल पुलगांव स्थित वृद्धाश्रम में की गई। जिसमें उक्त वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों को फल और दूसरे जरूरी सामान दिए गए। इस अवसर पर प्राचार्य रूबी रॉय बर्मन ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा एक सुअवसर है और उनका आशीर्वाद हमारी अमूल्य धरोहर है। हमें जितना हो सके उसे उतना ही पाने का प्रयास करना चाहिए। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम बुजुर्गों के सम्मान में प्रस्तुत किया गया। वरिष्ठ व्याख्याता लक्ष्मीनारायण दुबे ने भजन ऐसा प्यार बहा दे मैया सुनाकर सबको भाव विभोर कर दिया। अल्वा वैद्य ने गीत तू प्यार का सागर है प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिक्षक डॉ शीतल चंद्र शर्मा ने वृद्धों के बारे में शास्त्र परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति बड़ों का अभिवादन करता है उसके आयु, दिया यश और बल में वृद्धि होती हो इसलिए हमें प्रत्येक अवसर पर बुर्जुगों की सेवा करनी चाहिए। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ व्याख्याता एवं उप प्रबंधक लक्ष्मी नारायण दुबे ने किया। संचालन डॉ. शीतल चंद शर्मा ने किया।

**लगातार दूसरी बार चमका दुर्ग का दम- खो-खो में फिर उपविजेता, अंकुर बने टूर्नामेंट के सितारे**

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** शिक्षाधानी दुर्ग के खिलाड़ियों ने एक बार फिर पारंपरिक खेलों में अपना परचम लहराया है। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की पुरुष खो-खो टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दूसरे वर्ष उपविजेता का खिताब अपने नाम किया है। यह उपलब्धि सिधो कान्हो बिरसा विश्वविद्यालय, पुरुलिया, पश्चिम बंगाल में आयोजित ईस्ट जोन अंतर विश्वविद्यालयीन खो-खो प्रतियोगिता में हासिल की गई। टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पूरे टूर्नामेंट में दमदार जीत दर्ज कराकर फाइनल तक का सफर तय किया। खास बात यह रही कि टीम के खिलाड़ी अंकुर सिंह को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के खिताब से नवाजा गया।

प्रतियोगिता के शुरुआती क्वालीफाइंग मुकाबले में दुर्ग की टीम ने कलिंगा विश्वविद्यालय भुवनेश्वर को 50-34 अंकों से हराकर अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। इसके बाद लीग मुकाबलों में भी टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। पहले मैच में कल्याणी विश्वविद्यालय को 39-30 से हराया, वहीं दूसरे मुकाबले में विद्यासागर विश्वविद्यालय को एक पारी और 5 अंकों से एकतरफा मात दी। अंतिम लीग मुकाबले में मेजबान सिधो कान्हो बिरसा विश्वविद्यालय से महज 6 अंकों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा, जिसके चलते टीम उपविजेता रही। टीम की निरंतरता और मेहनत के चलते लगातार दूसरी बार टीम ने यह मुकाम हासिल किया है।

## दुर्ग की खो-खो टीम ने दूसरी बार उपविजेता का खिताब हासिल कर जीत का परचम लहराया, अंकुर बने टूर्नामेंट के सितारे




### टीम में शामिल हुए खिलाड़ी

टीम में शामिल खिलाड़ी दुर्गेश कुमार साहू, लक्ष्यदीप बंजारे, अंकुश सिंह, सेजल कुमार, विकास कुमार, राहुल कुमार साहू, राकेश कुमार साहू शासकीय महाविद्यालय दुर्ग, चमन कुमार, तरूण देवांगन, तरूण देवांगन, ओमप्रकाश साहू, विमल टंडन शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई, राजदीप साहू मनसा महाविद्यालय कोहका भिलाई, वेदप्रकाश कल्याण पीजी महाविद्यालय भिलाई, थामलेश्वर शासकीय महाविद्यालय अंबागढ़ चौकी, चोमेश कुमार शासकीय महाविद्याल डोंगरगांव के है।

### 15 खिलाड़ियों की टीम ने किया शानदार प्रदर्शन

खेल संचालक डॉ दिनेश नामदेव ने बताया कि छग शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा खेल एवं खेल के विकास के तहत हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा 15 खिलाड़ियों की टीम भेजी गयी थी। दुर्ग की टीम अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों, कोच और मैनेजर को बधाई देते हुए आगामी ऑल इंडिया प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं, जो छत्रपति शाहू महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में आयोजित होगी। साथ ही सभी खिलाड़ियों को 7 हजार रुपए की पुरस्कार राशि और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।



## सिटी इवेंट

# इकाई साहू समाज तालपुरी में भक्त माता कर्मा जयंती मनाई गई



**भिलाई।** तालपुरी, रूआबांधा सेक्टर, एनएसपीसीएल, एचएससीएल कॉलोनी में इकाई साहू समाज के द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। तालपुरी बी ब्लॉक के क्लब हाउस में शनिवार को कर्मा जयंती के अवसर पर महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा के पश्चात भक्त माता कर्मा की आरती से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में बालक एवं बालिकाओं, महिलाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं और सामाजिक लोगों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राम किशुन साहू थे। अध्यक्षता डॉ. कामता प्रसाद साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ रिसाली के द्वारा किया गया। जयंती कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठजनों के अलावा इकाई के अध्यक्ष मोहनलाल साहू ,लीलाधर साहू, थान सिंह साहू ,भूषण, देव प्रभा एवं सभी सामाजिक भाइयों बहनों का सहयोग रहा। किशोर साव एवं अभिषेक साहू द्वारा राजीम माता की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। संचालन रश्मि बाला एवं सारिका साहू एवं आभार प्रदर्शन पूर्णिमा साहू ने किया। यह जानकारी इकाई साहू समाज तालपुरी के अध्यक्ष मोहनलाल साहू ने दी।

- प्रतिभावान छात्र-छात्राओं और सामाजिक लोगों का किया गया सम्मान

## धर्म लाइव

# सेवा जोहार उद्यान मरोदा सेक्टर का उद्घाटन, मिला नया गार्डन



**भिलाई।** सेवा जोहार उद्यान मरोदा सेक्टर भिलाई के उद्घाटन समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रिसाली निगम के सभापति केशव बंछोर, महापौर परिषद के सदस्य सनीर कुमार साहू थे। अध्यक्षता गोंडवाना समृद्धि समिति रिसाली के अध्यक्ष अशोक कंगाली, संचालन महासचिव बसंत सिंह नेताम, आभार प्रदर्शन कार्यपालन अभियंता दिनेश कुमार नेताम ने किया। इस अवसर पर गजाधर नेताम, पारसमणी मंडावी, डेहर लाल ध्रुर्वे, रामनारायण ध्रुव, आत्मा राम मंडावी,छत्तरसिंह मंडावी, भीमलाल मंडावी, महेंद्र मंडावी,तोरण कुंजाम, संतराम नेताम, सोमनाथ नेताम,चन्द्रहास सूर्यवंशी, सुदामा ठाकुर,नारद मंडावी, संतोष मंडावी, पाल सिंह ठाकुर, ऋषि ठाकुर, कन्हैयालाल मरकाम, मिनेश मरकाम, देवधर सलामे, हरीश मंडावी आदि उपस्थित थे।

- कार्यक्रम में रिसाली सभापति केशव बंछोर हुए शामिल



## समाज इवेंट

# चैरिटी से मिलने वाली राशि से सरकारी स्कूल में बनेंगे कमरे



**भिलाई।** भिलाई-दुर्ग में इस बार हंसी सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि किसी का भविष्य संवारने का जरिया बनने जा रही है। 11 अप्रैल की शाम कुछ ऐसी होने वाली है, जहां हर ठहाका सीधे शिक्षा के उजाले से जुड़ जाएगा। इस शाम मशहूर स्टैंडअप कॉमेडियन गौरव कपूर अपने दमदार अंदाज और जबरदस्त कॉमिक टाइमिंग के साथ दुर्ग के पृथ्वी पैलेस में लाइव परफॉर्म करेंगे। यह खास कार्यक्रम चैरिटी फंडरेजर शो रोटरी क्लब दुर्ग और भिलाई राउंड टेबल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। इस फैमिली एंटरटेनमेंट शो में दर्शकों को हंसी का फुल डोज मिलेगा, लेकिन इसके पीछे एक बड़ा मकसद भी छिपा है। शो से मिलने वाली पूरी राशि नारधा स्थित उच्चतर माध्यमिक शाला में 8 नए क्लासरूम बनाने के लिए इस्तेमाल की जाएगी। यानी आप जितना हंसेंगे, उतना ही किसी बच्चे की पढ़ाई मजबूत होगी।

इस आयोजन को सफल बनाने में रुंगटा यूनिवर्सिटी और सिल्क रूट की भी अहम भूमिका है। रोटरी क्लब दुर्ग वर्षों से शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में सक्रिय है। क्लब द्वारा स्वास्थ्य शिविर, शिक्षा सहायता, स्वच्छता अभियान और जागरूकता कार्यक्रम लगातार चलाए जा रहे हैं, जिससे समाज के वंचित वर्गों को मदद मिलती है। राउंड टेबल ने बिरेभाट, कोडिया, समोदा, कोसा नगर, बापू नगर, भसीन, ननखट्टी, धौर और बोरी सहित कई क्षेत्रों में अब तक 48 कक्षाएं और शौचालय का निर्माण कराया है।

- कॉमेडियन गौरव कपूर का चैरिटी शो 11 अप्रैल को

## दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग का 23वां स्थापना दिवस भव्यता, गरिमा एवं उत्साह के साथ सम्पन्न

# शिवस्तुति और डीपीएस एंथम के नाट्य रूपांतरण ने किया आकर्षित, दिखी सांस्कृतिक समृद्धि की झलक

**भिलाई।** दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग का 23वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान स्कूल की गरिमा और सांस्कृतिक समृद्धि की झलक दिखाई दी। इस अवसर पर आयोजित समारोह ने विद्यालय की उत्कृष्ट परंपराओं, शैक्षणिक गुणवत्ता एवं संस्कारप्रधान वातावरण का प्रभावी प्रतिबिंब प्रस्तुत किया।विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत शिवस्तुति ने पूरे वातावरण को अनुशासन और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण डीपीएस एंथम का नाट्य-रूपांतरण के अभिनय के माध्यम से प्रस्तुति रहा। कार्यक्रम की शुरुआत मधुर, भावपूर्ण और आध्यात्मिक प्रार्थना गीत-सत्यम वद धर्मम चर से की गई, जिसने पूरे वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा एवं शांति से ओत-प्रोत कर दिया। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत शिवस्तुति, आज का विचार और समाचार वाचन ने उनके आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति-कौशल तथा बौद्धिक परिपक्वता का उत्कृष्ट परिचय दिया। कार्यक्रम में विशेष आकर्षण के रूप में डीपीएस एंथम को एक अभिनव नाट्य-रूपांतरण के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, जिसमें विद्यालय के आदर्शों, अनुशासन, समर्पण एवं उत्कृष्टता की भावना को अत्यंत सजीव एवं प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त किया गया।



**पूर्व विद्यार्थियों ने अपने अनुभव किये साझा :** इस अवसर पर आयोजित अलुमनाई संवाद सत्र कार्यक्रम का एक अत्यंत प्रेरक एवं सजीव पक्ष रहा, जिसमें पूर्व विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए वर्तमान विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पण, परिश्रम एवं दृढ़ता के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। यह आयोजन न केवल विद्यालय की गौरवशाली परंपरा का उत्सव था, बल्कि भविष्य की उपलब्धियों की ओर अग्रसर एक प्रेरणास्पद कदम भी सिद्ध हुआ।










### दिखाया स्थापना से लेकर वर्तमान तक की गौरवपूर्ण यात्रा

समारोह के अंतर्गत विश्व स्वास्थ्य संगठन का भी सारगर्भित एवं ज्ञानवर्धक उल्लेख किया गया। विद्यार्थियों ने इसके इतिहास एवं महत्व को प्रभावपूर्ण शैली में प्रस्तुत करते हुए स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता का सशक्त संदेश दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला में रिद्मस ऑफ हार्वेस्ट शीर्षक से प्रस्तुत मनमोहक नृत्य ने कार्यक्रम में सजीवता और उल्लास का संचार किया। विद्यार्थियों की लयबद्धता, सृजनात्मकता एवं ऊर्जा ने दर्शकों को अभिभूत कर दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शित वीडियो प्रस्तुति ने विद्यालय की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की गौरवपूर्ण यात्रा, उल्लेखनीय उपलब्धियों एवं निरंतर प्रगति को अत्यंत आकर्षक एवं प्रेरणादायी रूप में प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित जनों में गर्व एवं प्रेरणा की भावना जागृत हुई।

## जमाअत-ए-इस्लामी हिन्द का आयोजन

# ईद मिलन में दिखी भाईचारे की मिसाल शामिल हुए सर्व धर्म के प्रतिनिधि






**भिलाई।** जमाअत-ए-इस्लामी हिन्द भिलाई के तत्वावधान में ईद मिलन समारोह का आयोजन जुनवानी रोड स्थित हॉल में किया गया। यह आयोजन ईद के अवसर पर विभिन्न समुदायों के बीच आपसी भाईचारे, संवाद और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। प्रमुख रूप से गायत्री परिवार, कैथोलिक चर्च सेक्टर-6 भिलाई, गुरुद्वारा नेहरू नगर, बौद्ध आश्रम सेक्टर-6, सतनाम भवन सेक्टर-6 सहित विभिन्न नागरिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में बढ़ती दूरियों और गलतफहमियों को समाप्त करने के लिए संवाद और आपसी मेल-जोल अत्यंत आवश्यक है। ईद जैसे पर्व हमें प्रेम, करुणा और एकता का संदेश देते हैं, जिसे समाज में व्यापक रूप से अपनाने की आवश्यकता है।

आयोजन को गुरुद्वारा नानकसर के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी प्रवीण सिंह, भारतीय बौद्ध महासभा अध्यक्ष शीलरतन, पेरिश प्रीस्ट कैथोलिक चर्च सेक्टर-6 के रेव्हेरेंट फादर साबू जोसेफ, सतनाम भवन सेक्टर-6 के प्रेसिडेंट बीएल कुर्रे और गायत्री परिवार के सब जोन कोऑर्डिनेटर एसपी सिंह ने संबोधित किया।

जमाअत-ए-इस्लामी हिन्द ने इस अवसर पर अपने संकल्प को दोहराया कि वह समाज में नफरत और भेदभाव को समाप्त करने तथा विभिन्न समुदायों के बीच सौहार्द और एकता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक वातावरण में हुआ, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने मिलकर एक समरस और एकजुट समाज के निर्माण का संकल्प लिया। आयोजन की अध्यक्षता नौशाद उस्मान इस्लामिक इंफॉर्मेशन सेंटर, महाराष्ट्र ने की। उद्घाटन भाषण शब्बीर खान, पूर्व अध्यक्ष जमाते इस्लामी हिंद छत्तीसगढ़ ने दिया। आखिर में जेआईएच भिलाई के अध्यक्ष एजाज अहमद ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## राज्य स्तरीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता

# जूनियर ग्रुप में आदित्य राज शर्मा सीनियर में तिलक ने जीता खिताब



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्म रेस्टलिंग फेडरेशन के तत्वावधान में मनसा कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन में 23वीं राज्य स्तरीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से 275 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें विभिन्न वजन वर्ग के पैरा खिलाड़ी, सब जूनियर, जूनियर, यूथ, सीनियर, मास्टर सभी खिलाड़ी मौजूद थे। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि संजीव सक्सेना, कैलाश जैन को छत्तीसगढ़ पंजा कुश्ती संघ के महासचिव श्रीकांत एवं अंतरराष्ट्रीय पावर लिफ्टर एवं गुण्डाधुर अवॉर्डी कृष्ण साहू द्वारा सम्मान किया गया। जिसमें अतिथियों द्वारा टेबल का उद्घाटन रिबन काट कर एवं पंजा लड़ाकर किया। प्रतियोगिता में मुख्य रूप से रुद्र प्रताप, राहुल सोनी, विकास पवार, लिलेश प्रधान, तिलक बेहरा, सिद्धार्थ नायर, समिति तिवारी, आर्यन सोनी ने स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। फिर चैंपियन ऑफ चैंपियन प्रतियोगिता जहां सभी चैंपियन आपस में पंजा लड़ाते है और एक चैंपियन बनता है। सब जूनियर और जूनियर ग्रुप में आदित्य राज शर्मा ,सीनियर वर्ग में तिलक बेहरा एवं महिला वर्ग में डी कुमारी ने ओवरऑल चैंपियन होने का खिताब जीता। चैंपियन ऑफ चैंपियन प्रतियोगिता का शुभारंभ के लिए प्रेसिडेंट जी सुरेश बाबे एवं बृजमोहन सिंह के करकमलों द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक के तौर पर अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता श्रीमंत झा, डॉ. पीयूष प्रकाश शर्मा, श्रवण चौहान, ऋषभ संतोष, दीपा अर्जुने, उमा, जतिन शुक्ल एवं टीम एवं मनसा कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष मेजर सिंह अपने पूरे विद्यार्थियों के साथ उपस्थित थे।

## विश्व शांति हेतु आर्य समाज का राष्ट्रीय आह्वान- देशभर में यज्ञ और प्रार्थनाएं

# वैश्विक तनाव के बीच वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश, छग के 99 आर्य समाजों में हुआ यज्ञ

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** विश्व में बढ़ते युद्ध जैसे हालात और वैश्विक तनाव के बीच, आर्य समाज द्वारा शांति और मानवता के संदेश को एक बार फिर से स्थापित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सार्वदेशिक दिल्ली मुख्यालय के आह्वान पर देशभर के आर्य समाजों में विश्व शांति के लिए यज्ञ एवं प्रार्थना का आयोजन किया गया। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के 99 आर्य समाजों में भी विश्व शांति के लिए विशेष प्रार्थनाएं की गईं। सेक्टर-6 स्थित आर्य समाज मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान आचार्य अंकित शर्मा ने वैदिक मंत्रों एवं शांति मंत्रों का उच्चारण करते हुए समस्त विश्व के कल्याण और शांति की प्रार्थना की।



### शांति मंत्र सम्पूर्ण सृष्टि में शांति की कामना करता है

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि वर्तमान समय में विश्व युद्ध जैसी परिस्थितियों का भय पूरे मानव समाज को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह दौर हमें वसुधैव कुटुम्बकम का वास्तविक अर्थ समझा रहा है, जिसका संदेश भारत सदैव विश्व को देता आया है। उन्होंने शांति पाठ की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वैदिक शांति मंत्र सम्पूर्ण सृष्टि, अंतरिक्ष, पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि, सागर और नदियों में शांति की कामना करता है। इसके पश्चात व्यक्ति स्वयं के लिए शांति की प्रार्थना करता है, जो इस बात का प्रतीक है कि व्यक्तिगत शांति तभी संभव है जब हमारे आसपास का वातावरण शांतिपूर्ण हो।

### अपने कर्तव्यों पर ध्यान केंद्रित करें

उन्होंने महान समाज सुधारक महर्षि स्वामी दयानंद के विचारों को आज के समय में प्रासंगिक बताते हुए कहा कि उनके सिद्धांत ही विश्व में स्थायी शांति की स्थापना कर सकते हैं। स्वामी दयानंद ने छुआछूत और जन्म-आधारित जाति व्यवस्था का विरोध करते हुए कर्म आधारित समाज की स्थापना पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मनुष्य के कर्म ही उसे सम्मान दिलाते हैं, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने कर्तव्यों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। आर्य समाज द्वारा आयोजित यह अभियान न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि विश्व में शांति, एकता और मानवता के मूल्यों को सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास भी है। कार्यक्रम में राजीव नागपाल, सुदर्शन गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, अवनी भूषण पुरंग, यतीन्द्र पुरंग, रवि आर्य, अरविंद मिश्रा, शुभ्रा नागपाल, प्रमिला सरपाल, सुनीता गुप्ता, मधु गुप्ता, ज्योति पुरंग, सोनिया पुरंग, कमलेश आर्य सहित अनेक श्रद्धालुओं ने विश्व शांति महायज्ञ में आहुति प्रदान की।

## सिटी स्पोर्ट्स

### बालाजी कप महिला क्रिकेट की विजेता रही नित्या-11 की टीम



**भिलाई।** बालाजी-11 खुर्सीपार महिला क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित बालाजी कप महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में फाइनल मैच की विजेता नित्या-11 सेक्टर-7 की टीम रही। रौनक -11 मरोदा को 22 रन से पराजय मिली और टीम उपविजेता बनीं। वहीं तीसरे स्थान पर सेक्टर 5 की प्रतिभा-11 महिला क्रिकेट क्लब रही।

बल्लेबाजी नित्या-11 सेक्टर 7 ने तीन विकेट पर 71 रन बनाएं। गरिमा ने 29, रानू प्रधान ने नॉट आउट 17 रन और संतोषी ने नॉट आउट 10 रन बनाए। गेंदबाजी में रौनक 11 मरोदा की भावना ने दो एवं डॉली ने एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में रौनक-11 ने एक विकेट पर 49 रन, डॉली ने नॉट आउट 37 रन और प्रिया ने 8 रन बनाए। एक खिलाड़ी रन आउट हुआ।

प्लेयर ऑफ़ द मैच गरिमा रही। प्रतियोगिता की बेस्ट बैटर रानू प्रधान, बेस्ट बॉलर पेनिन एवं प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रानू प्रधान रही। मैच के अंपायर हेमंत कुमार एवं तरुण पटनायक, स्कोरर विनोद देवघरे एवं संदीप कोरी, कमेंटेटर अभय मोहरिल एवं श्याम राव रहे। फाइनल मैच एवं पारितोषिक वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनीष पांडे एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की माताश्री थे। दोनों अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर डॉक्टर पी परी राव, श्री बाला रेड्डी एवं कामराजू रेड्डी सहित खेल प्रेमी जनता उपस्थित थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल, भाजपा नेता मनीष पांडे, दया सिंह, इंद्रजीत सिंह, विनोद सिंह, प्रभा, डॉक्टर परी राव, शुक्ला एवं श्याम सुंदर राव का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन श्याम राव ने किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में बालाजी-11 खुर्सीपार महिला क्रिकेट क्लब की सदस्य जानकी रेड्डी, माधवी, मोहिनी, रंजना, ललिता, कविता, कनक, पार्वती, दीपमाला, मनीषा, सुमन भारती, सतरूपा एवं नंदिनी का विशिष्ट प्रयास रहा।

### विकेटकीपर मयंक का चयन अंडर-25 इमर्जिंग शिविर के लिए



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ एवं भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के विकेटकीपर बल्लेबाज मयंक वर्मा का चयन बीसीसीआई द्वारा आयोजित अंडर-25 इमर्जिंग शिविर में चयन हुआ है। मयंक वर्मा ने अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की टीम की कप्तानी की है। अंडर-19 कूच बेहार ट्रॉफी में रन स्कोर करने में भारत के प्रथम 10 खिलाड़ियों में शामिल मयंक वर्मा ने 6 मैचो में कुल 550 रन बनाएं। इस प्रदर्शन के आधार पर बीसीसीआई द्वारा आयोजित किए जाने वाले अंडर-19 क्रिकेट कैंप में चयन हुआ है। अंडर 23 सीके नायडू ट्रॉफी सन 2025 26 में रन स्कोर करने में भारत के प्रथम 10 खिलाड़ियों में शामिल मयंक वर्मा ने कुल 650 रन बनाएं। रणजी ट्रॉफी सत्र (2025 26) में दो लगातार शतक पांडिचेरी एवं हिमाचल प्रदेश के विरुद्ध लगाए विजय हजारे ट्रॉफी सत्र( 2025 26) मे पदार्पण के साथ दो लगातार अर्धशतक एवं सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी( T20) के सत्र (2025 26) में छत्तीसगढ़ की ओर से पदार्पण किया। मयंक वर्मा की इस उपलब्धि पर भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद जैन एवं सचिव भास्कर गोस्वामी सहित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शुभकामनाएं दी हैं।

### दुर्ग जिला कबड्डी प्रीमियर लीग आज से कोलिहापुरी में



**अंडा।** स्वर्गीय भरत लाल देशमुख स्मृति कीड़ा संस्था के द्वारा तीन दिवसीय दुर्ग जिला कबड्डी प्रीमियर लीग 8 अप्रैल से 10 अप्रैल खेल मैदान कोलिहापुरी में आयोजित है। इसमें दुर्ग जिले के तीनों विकासखंड धमधा, पाटन व दुर्ग ग्रामीण व शहर के सीनियर महिला /पुरुष वर्ग के कबड्डी लीग मैच का शुभारंभ 8 अप्रैल शाम 6:00 बजे खेल मैदान कोलिहापुरी में किया जाएगा। दुर्ग जिला कबड्डी प्रीमियर लीग में लगभग 150 खिलाड़ियो के 10 टीमों के मध्य मैच खेला जाना है। जिसमें 36 फोर्ट फाइटर, कबीर वॉरियर्स,मन देव महाबली,फ्लोटिंग विंग,तेजस टाइगर,अभी एवेंजर्स खुडवा पैंथर्स, जनपद के जांबाज, रिसाली टाइगर सभी के बीच लीग मैच होगा। कार्यक्रम की अतिथि गण अलबियुस एक्का संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग , केशव बंटी हरमुख अध्यक्ष दुर्ग जिला कबड्डी संघ , आशा विक्की मिश्रा जिला पंचायत सदस्य, प्यारी बाई निषाद जनपद पंचायत दुर्ग उपस्थित रहेंगे।

## लाइफ स्टाइल और खानपान में गड़बड़ी

# ब्रेन स्ट्रोक में हर मिनट कीमती, जानिए 'एफएएसटी' फॉर्मूला कैसे बन सकता है आपके लिए लाइफसेवर

स्ट्रोक तब होता है जब मस्तिष्क के किसी हिस्से में रक्त की आपूर्ति रुक जाती है या कोई रक्त वाहिका फट जाती है। ये जानलेवा समस्या है। हालांकि 'एफएएसटी' फॉर्मूला की मदद से आप इसकी समय पर पहचान करके किसी का जान बचा सकते हैं।

लाइफस्टाइल और खानपान में गड़बड़ी ने हमारी सेहत को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाया है। लिहाजा डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और हृदय से संबंधित बीमारियों का खतरा काफी बढ़ गया है। हार्ट अटैक, स्ट्रोक जैसी समस्याएं भी आम होती जा रही हैं, जिसके कारण हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। ब्रेन स्ट्रोक को विशेषज्ञ कई मामलों में खतरनाक मानते हैं। ब्रेन स्ट्रोक से ठीक हो चुके लोगों में लकवा और विकलांगता का भी जोखिम रहता है।

दुनियाभर में स्ट्रोक के मामलों में वृद्धि गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या बनी हुई है। जीवनशैली की गड़बड़ी जैसे शारीरिक गतिविधियों में कमी, लंबे समय तक बैठकर काम करने, जंक फूड और प्रोसेस्ड फूड्स का बढ़ता सेवन लोगों को इन बीमारियों का शिकार बनाता जा रहा है। लाइफस्टाइल की गड़बड़ आदतें हाई ब्लड प्रेशर का कारण बनती हैं जो स्ट्रोक होने का



प्रमुख कारण है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ब्रेन स्ट्रोक की स्थिति में 'एफएएसटी' फॉर्मूला आपकी जान बचा सकता है। आइए इस बारे में जानते हैं।

### ब्रेन स्ट्रोक की समय रहते पहचान जरूरी

मस्तिष्क से जुड़ी समस्याओं और ब्रेन स्ट्रोक को लेकर लोगों के मन में कई भ्रम और सवाल रहते हैं। इन्हीं विषयोंऔर बीमारियों को लेकर लोगों के मन में बनी भ्रामक जानकारियों को दूर करने के उद्देश्य से साल 2026 के विश्व स्वास्थ्य दिवस का थीम रखा गया है- ₹स्वास्थ्य के लिए एकजुट, विज्ञान के साथ खड़े रहें₹।



डॉक्टर कहते हैं, अगर किसी को स्ट्रोक हो जाए और उसे समय रहते अस्पताल पहुंचा दिया जाए तो इससे जान बचने की संभावना बढ़ जाती है। पर बड़ा सवाल ये है कि इसे पहचाना कैसे जाए कि किसी को स्ट्रोक तो नहीं हुआ है?

### स्ट्रोक के कारण और इसका खतरा

स्ट्रोक तब होता है जब मस्तिष्क के किसी हिस्से में रक्त की आपूर्ति या तो बाधित हो जाती है या कोई रक्त वाहिका फट जाती है। लगभग 80-85% मामलों में इस्केमिक स्ट्रोक होता है, जिसमें खून का थक्का बनकर रक्त प्रवाह को रोक देता है। जिन लोगों का ब्लड प्रेशर अक्सर बढ़ा हुआ रहता है उनमें स्ट्रोक होने का खतरा अधिक होता है। डायबिटीज रक्त वाहिकाओं को कमजोर करती है और कोलेस्ट्रॉल के उच्च स्तर से धमनियों में प्लाक जमा होता है। धूम्रपान रक्त को गाढ़ा बना देती है और ऑक्सीजन की आपूर्ति कम कर देती है। मोटापा और शारीरिक निष्क्रियता भी जोखिम को कई गुना बढ़ाते हैं।

### 'एफएएसटी' फॉर्मूला से समय पर कर सकते हैं पहचान



स्ट्रोक की स्थिति में हर मिनट कीमती होता है। 'एफएएसटी' फॉर्मूला एक आसान तरीका है जिससे आम लोग भी शुरुआती लक्षण पहचान सकते हैं।

एफ (फेस): क्या चेहरे का एक हिस्सा लटक रहा है? व्यक्ति को मुस्कुराने को कहें, यदि चेहरे में एक तरफ झुकाव दिखे तो सावधान हो जाएं।

ए (आर्म्स): क्या एक हाथ उठाने में कमजोरी है? दोनों हाथ उठाने को कहें, यदि एक नीचे गिर जाता है तो यह स्ट्रोक का संकेत हो सकता है।

एस (स्पीच): क्या बोलने में लड़खड़ाहट है या शब्द स्पष्ट नहीं निकल रहे?

टी (टाइम): ऐसे लक्षण दिखें तो समय न गंवाएं। तुरंत डॉक्टर के पास ले जाएं।



## एक्सरसाइज करने से पहले जानें सही तरीका, फायदे और गलतियां

आदि एब्स बनाने की बेस्ट एक्सरसाइज हैं। इन सभी एक्सरसाइज से फ्लैट टमी पाने और एब्स बनाने में मदद मिल सकती है। कुछ लोग 6-8 पैक एब्स और फ्लैट टमी पाने के लिए फूड या डाइट फॉलो करते हैं। कुछ लोग एब्स बनाते समय गलतियां करने से बचते हैं। एब्स के लिए जिम में लोग कई तरह की एक्सरसाइज करते हैं। इनमें सबसे ज्यादा 'सिट अप्स' (Sit ups) एक्सरसाइज की जाती है। हो सकता है आप भी यही करते हों। लेकिन इस एक्सरसाइज को करने से पहले इसके बारे में जानकारी होनी जरूरी है।

इसलिए आज हम आपको सिट अप्स वर्कआउट/एक्सरसाइज क्या है, इसे करने का सही तरीका, फायदे, सावधानी और गलतियों के बारे में बताएंगे। इस तरह आप इस एक्सरसाइज को करके अधिक बेनिफिट ले पाएंगे।

### सिट अप्स एक्सरसाइज क्या है

सिटअप्स, क्लासिक एब्डोमिनल एक्सरसाइज है। इसे



पीठ के बल लेटकर किया जाता है। इस बॉडी वेट एक्सरसाइज को धड़ को ऊपर उठाकर किया जाता है। इस एक्सरसाइज को कोर को स्थिर करने, एब्डोमिनल मसल्स को मजबूत करने और एब्डोमिन मसल्स को टोन करने के लिए करते हैं। सिटअप्स एक्सरसाइज मुख्य रूप से रेक्टस एब्डोमिनिस, ट्रांसवर्स एब्डोमिनिस और ऑब्लिक्स मसल्स पर काम करते हैं लेकिन इसे करते समय हिप फ्लेक्सर्स, चेस्ट, पीठ के निचले और गर्दन पर भी टेंशन क्रिएट होती है। इसे करने से लोअर बैक मसल्स और ग्लूटेरल मसल्स का पोश्चर सही रहता है। लार्ज रेंज ऑफ मोशन के साथ, सिटअप्स एक्सरसाइज क्रंचेस और स्टैटिक कोर एक्सरसाइज की तुलना में अधिक मसल्स को टारगेट करते हैं।

### सिट अप्स के लिए मशीन/इक्युपमेंट

वैसे तो सिट अप्स एक्सरसाइज को बॉडी वेट से ही किया जाता है। लेकिन कुछ लोग इसे करते समय अधिक टेंशन क्रिएट करने के लिए प्लेट, कैटलबेल, डम्बल आदि प्रयोग करते हैं। लेकिन बिगिनर्स इस एक्सरसाइज को बॉडी वेट से ही करें और अलग से वेट एड करने से पहले ट्रेनर की सलाह जरूर लें।

### सिट अप्स एक्सरसाइज के प्रकार

सिट अप्स एक्सरसाइज को बॉडी वेट से फर्श पर लेटकर किया जाता है। इसे बार पर हैंग करके ही किया जाता है। इसमें अधिक टेंशन क्रिएट करने के लिए कुछ मूवमेंट एड कर सकते हैं। अगर आप इंटरमीडिएट या एडवांस लेवल पर हैं तो इसके डम्बल सिट अप्स वेटेड प्लेट सिट अप्स, बाइसिकल क्रंच, रिवर्स क्रंच,वी-अप्स, डेड बग्स और सीजर्स वेरिएशन ट्राई कर सकते हैं। आप चाहें तो सिट अप्स की जगह प्लैंक, माउंटेन क्लाइंबर्स, ब्रिज और हैंगिंग लेग रेज एक्सरसाइज भी ट्राय कर सकते हैं।



## तरबूज से बनाएं ये स्वादिष्ट रेसिपी, स्वाद भी और ठंडक भी



गर्मियों में तरबूज से जूस, सलाद, स्मूदी, पॉप्सिकल और चाट जैसी हेल्दी और रिफ्रेशिंग डिश बनाई जा सकती हैं। ये रेसिपी शरीर को ठंडक देने के साथ हाइड्रेट भी रखती हैं।

### तरबूज जूस

आप घर पर ही तरबूज का जूस या तरबूज का शरबत बना सकते हैं। ये आसानी से बनने वाली ड्रिंक गर्मियों की बेस्ट रहती हैं। जूस बनाने के लिए तरबूज को टुकड़ों में काट लें। इसमें थोड़ा नींबू का रस, पुदीना मिलाकर ब्लेंड कर लें। यह ड्रिंक शरीर को तुरंत ठंडक देती है और डिहाइड्रेशन से बचाती है।

### तरबूज सलाद

तरबूज सलाद एक हेल्दी और टेस्टी विकल्प है। इसमें तरबूज के टुकड़े, खीरा, फेटा चीज और पुदीना मिलाकर हल्का नमक और ऑलिव ऑयल डालें। यह सलाद हल्का होने के साथ-साथ बहुत रिफ्रेशिंग भी होता है।

### तरबूज स्मूदी

तरबूज स्मूदी बनाने के लिए तरबूज, दही या दूध और थोड़ा शहद मिलाकर ब्लेंड करें। यह स्मूदी बच्चों के लिए खासतौर पर फायदेमंद होती है और उन्हें एनर्जी देती है।

### तरबूज चाट

तरबूज चाट एक यूनिक और चटपटी रेसिपी है। इसमें तरबूज के टुकड़े, काला नमक, चाट मसाला और नींबू रस मिलाएं। यह डिश स्वाद में खट्टा-मीठा और बहुत मजेदार होता है।

### तरबूज पॉप्सिकल

गर्मियों में बच्चों के लिए तरबूज पॉप्सिकल एक बेहतरीन विकल्प है। तरबूज जूस को मोल्ड में डालकर फ्रीज करें और ठंडी-ठंडी आइसक्रीम का मजा लें। यह हेल्दी और शुगर-फ्री डेजर्ट है।

## शिवलिंग पर घी चढ़ाने का प्रभाव जरूर जानिए



शिवलिंग पर घी चढ़ाना बेहद शुभ माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि शिवलिंग की पूजा करते समय घी चढ़ाने से शिव जी जल्द प्रसन्न हो सकते हैं और व्यक्ति की मनोकामनाएं जल्द पूरी हो सकती है। इसके अलावा शिवलिंग पर घी चढ़ाने से तेज की प्राप्ति होती है और व्यक्ति के जीवन में उल्लास का आगमन होता है। साथ ही मानसिक परेशानियों से भी छुटकारा मिल सकता है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ऐसा कहा जाता है कि शिवलिंग पर घी चढ़ाने से व्यक्ति को मनवांछित फलों की प्राप्ति हो सकती है और सुख-समृद्धि की प्राप्ति हो सकती है। अगर आप शिवलिंग पर घी चढ़ा रहे हैं, तो सोमवार के दिन अर्पित करें। ऐसी मान्यता है कि सोमवार का दिन शिव जी को समर्पित है। इसलिए अगर आप उन्हें जल्द प्रसन्न करना चाहते हैं, तो सोमवार का दिन उत्तम माना जाता है।

शिवलिंग पर घी चढ़ाने के दौरान इन मंत्रों का जाप करें। इससे व्यक्ति के सौभाग्य में वृद्धि हो सकती है। ॐ नमः शिवाय ॐ सोमेश्वराय नमः ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनान्‌ मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्‌॥ शिवलिंग की पूजा करने के दौरान घी जरूर चढ़ाएं। इससे लाभ हो सकता है ।

## कार्नर न्यूज


### हार्ट में हो सकती है समस्या, न करें इसे अनदेखा

# चक्कर आना और खर्राटे लेना जुड़ा है सीधे आपके दिल से, वक्त रहते विशेषज्ञ को दिखाएं

हृदय रोग,वैश्विक स्तर पर असमय मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक माने जाते हैं। आश्चर्यजनक रूप से कम उम्र के लोगों में भी इसका खतरा बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। गड़बड़ लाइफस्टाइल से लेकर आहार के चुनाव में गड़बड़ी इन समस्याओं का प्रमुख कारण मानी जाती है। पिछले कुछ वर्षों में कम उम्र के लोगों में भी हार्ट अटैक का जोखिम देखा जा रहा है, जो निश्चित ही चिंता बढ़ाने वाली है।

अगर आपके हृदय में कुछ गड़बड़ हो जाए, तो आपको कैसे पता चलेगा? इसके लक्षणों पर ध्यान देकर। पर क्या आप जानते हैं कि हर बार हृदय संबंधी समस्याओं के स्पष्ट संकेत नजर आएं ऐसा जरूरी नहीं है। हार्ट अटैक के मामलों में भी हमेशा ऐसा नहीं होता कि छाती में अचानक दर्द हो और फिर आप जमीन पर गिर पड़ें, जैसा कि फिल्मों में दिखाया जाता हैं। हृदय संबंधी कई लक्षण जरूरी नहीं हैं कि आपकी छाती से संबंधित ही हों।

आइए जानते हैं कि हृदय की समस्याओं के किन संकेतों को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है जिनपर गंभीरता से ध्यान दिए जाने की जरूरत है?



### हृदय रोगों का जोखिम

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन में हृदय रोग विशेषज्ञ विन्सेंट बुफालिनो कहते हैं हृदय रोगों का जोखिम तब और अधिक हो जाता है जब आप 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के हों, आपका वजन अधिक हो, या आपको मधुमेह, हाई कोलेस्ट्रॉल या उच्च रक्तचाप की समस्या हो। जितने अधिक जोखिम कारकों के आप शिकार हैं, दिल से जुड़ी समस्याओं का खतरा भी और अधिक बढ़ जाता है। पर अब हृदय रोग बढ़ती उम्र से संबंधित ही नहीं रहे हैं, कम उम्र से ही इसके खतरे को लेकर सावधानी बरतते रहने की जरूरत है। आइए जानते हैं कि हृदय रोगों के किन लक्षणों पर गंभीरता से ध्यान देना जरूरी है।

### अक्सर चक्कर आना या कमजोरी महसूस होना

अक्सर चक्कर आना या कमजोरी महसूस होना हृदय संबंधी समस्याओं की तरफ संकेत हो सकता है। वैसे तो बहुत सी चीजें आपका संतुलन खोने या बेहोशी का कारण बन सकती हैं। लेकिन अगर आपको अचानक से अस्थिरता महसूस हो और सीने में तकलीफ या सांस लेने में दिक्कत हो रही हो, तो तुरंत डॉक्टर से मदद लें।

डॉ बुफालिनो कहते हैं, इसका मतलब यह हो सकता है कि आपका रक्तचाप कम हो गया है, इससे भी हृदय के लिए दिक्कतें बढ़ने लग जाती हैं।



### हाथ-गले या जबड़े में दर्द

गले या जबड़े में दर्द को अक्सर मांसपेशियों की समस्या, सर्दी या साइनस की समस्या मान लिया जाता है। लेकिन अगर आपको सीने के बीच में दर्द या दबाव महसूस हो जो आपके हाथ-गले या जबड़े तक फैल जाता है, तो यह दिल के दौरे का संकेत हो सकता है। इसके अलावा अचानक थकान या घबराहट महसूस होना भी हृदय स्वास्थ्य के लिए अलार्मिंग माना जाता है।

### खर्राटे की दिक्कत

नींद के दौरान हल्के खर्राटे लेना सामान्य बात है। लेकिन असामान्य रूप से तेज खर्राटे लेना जो हांफने या दम घुटने जैसा लगता है, ये स्लीप एपनिया का संकेत हो सकता है। यह तब होता है जब आप रात में कई बार सोते समय कुछ पलों के लिए सांस नहीं ले पाते हैं। इससे आपके दिल पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। जिन लोगों को स्लीप एपनिया की समस्या होती है उनमें हृदय संबंधित समस्याओं के विकसित होने का जोखिम अधिक हो सकता है। खर्राटे की इस तरह की समस्याओं को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'बीटीएस 2.0' का ऐलान फैंस काफी उत्साहित

मशहूर के-पॉप ग्रुप बीटीएस ने 'बीटीएस 2.0' का एलान किया है। इससे फैंस काफी उत्साहित हैं। यह ग्रुप जल्द ही वर्ल्ड टूर पर निकलेगा।



दुनिया भर में मशहूर के-पॉप ग्रुप बीटीएस ने लंबे ब्रेक के बाद वापसी की है। उन्होंने नेटफ्लिक्स के कॉन्सर्ट स्पेशल 'बीटीएस द कमबैक लाइव एरिरंग' के दौरान अपने एक नए दौर की शुरुआत का ऐलान किया है। इसका नाम 'बीटीएस 2.0' है।

2022 के बाद पहली बार सियोल के ग्वांगह्वामुन स्क्वायर में बीटीएस के कार्यक्रम को लाइव-स्ट्रीम किया गया। 2022 में सदस्यों ने अपनी अनिवार्य सैन्य सेवा पूरी करने के लिए इसे रोक दिया था। शो के दौरान फैंस को संबोधित करते हुए, सदस्य जे-होप ने कोरियाई भाषा में आभार व्यक्त किया और 'बीटीएस 2.0' की घोषणा की। उन्होंने कहा 'बीटीएस 2.0 की तो अभी बस शुरुआत हुई है!' ग्रुप के एक और सदस्य जिन ने कहा, 'इंतजार करने के लिए शुक्रिया।' इस तरह उन्होंने उस ग्लोबल फैनबेस का आभार जताया जिसने ग्रुप के ब्रेक के दौरान भी उनका साथ दिया। लीडर आरएम ने कहा, 'चाहे कुछ भी हो जाए, हम साथ मिलकर आगे बढ़ते रहने का वादा करते हैं।' इस कॉन्सर्ट में 'एरिरांग' के आठ गानों का लाइव डेब्यू हुआ, साथ ही बीटीएस के कुछ सबसे बड़े हिट गाने जैसे 'बटर', 'डायनामाइट' और 'माइक ड्रॉप ' भी पेश किए गए। इस परफॉर्मेंस ने ग्रुप की मौजूदगी को दोबारा स्थापित किया। इससे उन्होंने बड़े स्तर पर अपनी वापसी का संकेत दिया।

इतना ही नहीं नेटफ्लिक्स ने 'बीटीएसः द रिटर्न' नाम की एक डॉक्यूमेंट्री का भी एलान किया है।

### टॉलीवुड

## इस अंदाज में 'पेद्दी पहलवान' दिखे कुश्ती में हाथ आजमाते, आया रामचरण का नया लुक

साउथ स्टार राम चरण के जन्मदिन के मौके पर 'पेद्दी' के मेकर्स ने फिल्म से राम चरण का नया लुक और पहली झलक साझा की है। मेकर्स की ओर से साझा की गई इस झलक में राम चरण पेद्दी पहलवान के किरदार में नजर आ रहे हैं।




अखाड़े में कुश्ती में हाथ आजमाते राम चरण का ये लुक और पहली झलक जमकर सुर्खियां बटोर रही है। मेकर्स ने राम चरण का जो नया पोस्टर साझा किया है, उसमें एक्टर एक पहलवान के तौर पर नजर आ रहे हैं। पोस्टर में राम चरण लंघोट में अखाड़े में बैठे हुए हैं। वो एक भारी सी गदा को पकड़े हुए उस पर अपना सिर टिकाए हुए हैं। पोस्टर में राम चरण बड़े बालों में सिर पर चोटी बांधे हुए हैं।

उनकी जबरदस्त बॉडी फिल्म के लिए की गई उनकी मेहनत को दर्शाती है। इस पोस्टर को साझा करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, 'उसका दृढ़ संकल्प। उसका खेल। उसका गौरव। पेद्दी पहलवान उर्फ राम चरण को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।' इसके साथ ही मेकर्स ने पेद्दी पहलवान की एक झलक भी साझा की है। इसमें राम चरण को अखाड़े में कुश्ती में हाथ आजमाते दिखाया गया है। छोटी सी वीडियो में राम चरण की गजब बॉडी नजर आती है। हाथ में मोगरी लिए राम चरण जमकर कसरत करते दिखते हैं और फिर वो अंत में भारी सी गदा लिए भी कसरत करते नजर आते हैं। इस वीडियो की शुरुआत में एक वॉइस ओवर कहता है, 'कुश्ती मतलब बल्ला पकड़कर गेंद का सामना करना नहीं, जान हथेली में लेकर मौत से लड़ना है।' इसके बाद राम चरण कई पहलवानों को कुश्ती में पटखनी देते नजर आते हैं। फिल्म की इस नई झलक ने फैंस में और भी उत्सुकता पैदा कर दी है। क्योंकि इससे पहले मेकर्स ने फिल्म की जो पहली झलक साझा की थी।

### भोजपुरी

## अदिवी की 'डकैत' के गाने में नजर आए भोजपुरी एक्टर पवन

भोजपुरी इंडस्ट्री के पावर स्टार पवन सिंह अपनी गायकी के लिए भी मशहूर हैं। बॉलीवुड फिल्मों के बाद अब साउथ फिल्म में उनकी आवाज का जादू चलेगा। फिल्म 'डकैत' से उनका गाना आज लॉन्च हो गया है। भोजपुरी सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता पवन सिंह की सुरीली आवाज का जादू भोजपुरी के अलावा बॉलीवुड में भी चला है।



अब इसका विस्तार हो रहा है और अब साउथ तक उनकी आवाज गूंजने को तैयार है। दरअसल, आदिवि शेष और मृणाल ठाकुर अभिनीत फिल्म 'डकैत' में उन्होंने गाना गाया है। फिल्म से उनका 'टच बडी' गाना आज गोरखपुर में भव्य स्तर पर लॉन्च पावर स्टार पवन सिंह आज 'डकैत' का 'टच बडी' गाना लॉन्च करने के लिए गोरखपुर पहुंचे। शाम सात बजे गोरखपुर के महंत दिग्विजय नाथ पार्क में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां 'टच बडी' गाना लॉन्च किया गया। पवन सिंह के साथ-साथ क्वीन ऑफ द चार्ट्स कही जाने वाली जोनिटा गांधी ने भी इस गाने को अपनी खूबसूरत आवाज से सजाया है। फिल्म 'डकैत' का 'टच बडी' गाना यूं तो अदिवी शेष और जोनिटा पर फिल्माया गया है। अदिवी ने अपने डांस मूव्स से चार चांद लगा दिए हैं। मगर, इस गाने में पवन सिंह की झलक भी है और यह उनके फैंस के लिए स्पेशल ट्रीट है। गाने में पवन सिंह साउथ की पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए हैं। मगर, गाने में वे भोजपुरी बोलते दिखे हैं। इस गाने में हिंदी, साउथ और पंजाबी का तड़का मिला है।

### सागर किनारे

### लाइफ स्टाइल



अगर आप सोच रहे हैं कि समंदर के किनारे के फैशन में क्या खास है तो आप को ₹कोस्टल कूल ₹ का असल मतलब जानना होगा। दरअसल, इसे एस्थेटिक का ही एक नया रूप समझिए। घरों के सामने खिले नीले हाइड्रेंजिया फूलों की शांत सुंदरता और समुद्र किनारे रहने का सुकून भरा अंदाज़ इस फैशन से समझ सकते हैं।इसे यह ज़्यादा मॉडर्न और अपना-सा समझना होगा, हाँ, यह हमेशा नया और ताज़ा रहता है।

## तेजी से सफेद हो रहे हैं बाल तो इन बातों का रखें ध्यान

आज के समय में लाइफस्टाइल इतनी बिगड़ गई है कि उसका असर सीधा लोगों के बालों पर पड़ रहा है। इसी के चलते कम उम्र में ही ज्यादातर लोगों के बाल सफेद होने लगते हैं। यदि आप भी इस परेशानी से जूझ रहे हैं तो परेशान होने की जरूरत नहीं है।

यदि बाल सफेद हो रहे हैं तो आप बस कुछ बातों का ध्यान रखकर इन्हें रोक सकते हैं। हालांकि ये जरूरी नहीं है कि इन बातों को ध्यान में रखकर आपके बाल सफेद होने से रुक ही जाएं, लेकिन आप एक बार ट्राई करके तो देख ही सकते हैं। इस लेख में हम आपको इसी बारे में बताने जा रहे हैं कि जिन लोगों के बाल सफेद हो रहे हैं, उनको किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

### धूप से रखें बचाकर

यदि आपके बाल बेहद कम उम्र में ही सफेद होने लगे हैं, तो उन्हें धूप से बचाकर रखें। यदि आप अपने बालों को धूप की हानिकारक किरणों में खुला रखेंगे तो उससे बालों पर और भी ज्यादा खराब असर पड़ेगा। यदि आप नहीं चाहते कि आपके पूरे बाल सफेद हो जाएं तो धूप में जाते समय बालों को कवर कर लें।

### घरेलू नुस्खे अपनाएं

कम उम्र मे कभी भी बाजार में मिलने वाले रंगों का इस्तेमाल अपने बालों पर नहीं करें। ऐसा करने से आपके बाल और भी ज्यादा सफेद हो जाएंगे। ध्यान रखें कि इस समय आपको जितना हो सके उतना घरेलू नुस्खों को ही इस्तेमाल करना है। घरेलू नुस्खे भी पैच टेस्ट के बाद भी इस्तेमाल करें, क्योंकि कई बार इससे भी परेशानी बढ़ जाती है।



### स्टाइलिंग टूल्स से रहें दूर

आजकल के समय में तो हर कोई अपने बालों को स्टाइल करने के लिए बाजार में मिलने वाले स्टाइलिंग टूल्स का इस्तेमाल करता है। ऐसे में यदि आप सफेद बालों पर ज्यादा स्टाइलिंग टूल्स का इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपकी परेशानी और ज्यादा बढ़ सकती है। इसलिए जितना हो सकते इनसे दूर ही रहें। अगर इस्तेमाल करना ही है तो हेयर प्रोटेक्टर का इस्तेमाल अवश्य करें।

स्कैल्प को पोषण देना है जरूरी

यदि आप बालों की जड़ों को मजबूत रखेंगे तो आपके बाल न सिर्फ मजबूत बनेंगे बल्कि इसकी वजह से बालों का कालापन भी बरकरार रहेगा। कई बार बाल जड़ों से सफेद सिर्फ इसलिए होते हैं, क्योंकि इन्हें सही पोषण नहीं मिल पाता है।

## स्टाइलिश और ग्रेसफुल लुक के लिए चुनें बेस्ट सूट डिजाइन्स

स्टाइलिश और रॉयल लुक पाने के लिए आपको अपने आउटफिट पर खास ध्यान देना चाहिए। यदि आप एथनिक लुक में ग्रेसफुल और एलिगेंट दिखना चाहती हैं, तो लेटेस्ट डिजाइन्स वाले सूट्स एक बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। यहा कुछ ट्रेंडिंग और रॉयल लुक देने वाले सूट डिज़ाइन्स दिए गए हैं, जिन्हें आप इस खास दिन पर ट्राई कर सकती हैं।



### अनारकली सूट

यदि आप ग्रैंड और क्लासिक लुक चाहती हैं तो अनारकली सूट परफेक्ट रहेगा। हैवी एम्ब्रॉयडरी या जरी वर्क वाले अनारकली सूट्स आपको शाही लुक देंगे। इसके साथ स्टेटमेंट झुमके और पंजाबी जूती पहनें।



### पेंट स्टाइल या स्ट्रेट कुर्ता सूट

यदि आप कुछ सिम्पल लेकिन एलिगेंट पहनना चाहती हैं तो स्ट्रेट कुर्ता सूट विद पैंट या चूड़ीदार परफेक्ट रहेगा। इसे चंदेरी, सिल्क या कॉटन फैब्रिक में चुनें और मिनिमल जूलरी के साथ स्टाइल करें।

### पाकिस्तानी स्टाइल सूट

यदि आपको लॉन्ग कुर्ता और स्टाइलिश दुपट्टा पसंद है तो पाकिस्तानी सूट एक अच्छा विकल्प होगा। चिकनकारी, गोटा-पट्टी या थ्रेड वर्क से सजे ये सूट बेहद रॉयल लगते हैं।



### केप स्टाइल सूट

यदि आप वेस्टर्न टच चाहती हैं तो केप स्टाइल कुर्ता या सूट ट्राई करें। यह आपको एक मॉडर्न और ग्रैंड लुक देगा। इसे स्टेटमेंट बेल्ट या हेवी दुपट्टे के साथ पेयर करें।

### बेल स्लीव और फ्लेयर्ड सूट

फ्लेयर्ड सूट्स और बेल स्लीव्स वाले कुर्ते आपको एक राजकुमारी जैसा लुक देंगे। इसे सिल्क, वेलवेट या जॉर्जेट फैब्रिक में चुनें और इसके साथ ऑक्सीडाइज्ड जूलरी पहनें।

## अपनी उम्र के हिसाब से खरीदें फेस सीरम, जानें किसको क्या सूट करेगा

य़दि आप फेस सीरम का इस्तेमाल करना चाहते हैं तो इसे हमेशा अपने उम्र के हिसाब से ही खरीदें। हर उम्र के लोगों को अलग फेस सीरम इस्तेमाल करना चाहिए।

आज के समय में लोग अपने चेहरे की परेशानियों से काफी परेशान रहते हैं। इन्हीं परेशानियों को दूर करने के लिए तमाम चीजों का इस्तेमाल किया जाता है। इन्हीं चीजों में फेस सीरम शामिल है। फेस सीरम का इस्तेमाल चेहरे की कई परेशानियों को दूर करने के लिए किया जाता है। वैसे तो इसके इस्तेमाल से चेहरे की कई परेशानियां दूर होती हैं, लेकिन यदि आप अपनी उम्र के हिसाब से फेस सीरम का इस्तेमाल नहीं करेंगे तो इससे आपको काफी परेशानी हो सकती है। इसी के चलते हम यहां आपको बताएंगे कि किस उम्र के लोगों को किस तरह का फेस सीरम इस्तेमाल करना चाहिए।

### 18 से 25 साल तक के लोगों के लिए

यदि आपकी उम्र 18 से 25 के बीच है तो आपको ज्यादा हैवी तत्वों वाले सीरम की जरूरत नहीं है। इसके लिए ऐसा फेस सीरम इस्तेमाल करें, जिसमें हाइलुरोनिक एसिड, ग्लिसरीन पाया जाता है। इसके



अलावा यदि आपके चेहरे पर टैनिंग है तो ऐसा सीरम इस्तेमाल करें, जिसमें विटामिन सी हो। वहीं यदि आप मुंहासे या ब्लैकहेड्स से परेशान हैं तो आपके लिए सैलिसिलिक एसिड से भरपूर सीरम अच्छा रहेगा।

### 26-35 साल तक के लोगों के लिए

इस उम्र में त्वचा में काफी बदलाव आने लगता है। ऐसे में आपको अपनी त्वचा का ध्यान काफी ज्यादा रखने की जरूरत है। आपको ऐसे सीरम का इस्तेमाल करना चाहिए, जिसमें विटामिन सी और ई होना चाहिए। ये तत्व त्वचा के दाग-धब्बों को कम करने में मदद करते हैं।

## सनस्क्रीन में पैसा नहीं लगाना है तो इस्तेमाल करें ये चीजें, धूप से बची रहेगी त्वचा

अप्रैल का महीना शुरू हो चुका है और धूप इस कदर तेज हो गई है, मानों जैसे जून का महीना चल रहा है। ऐसे में हर कोई घर से बाहर निकलने से पहले खुद को कवर कर रहा है। यदि धूप से त्वचा को नहीं बचाया गया तो सनबर्न और टैनिंग का खतरा रहता है। इसी वजह से हर कोई घर से बाहर निकलने से पहले सनस्क्रीन का इस्तेमाल करता है।

एक अच्छी सनस्क्रीन काफी महंगी आती है, ऐसे में आप चाहें तो कुछ घरेलू चीजें इस्तेमाल करके भी अपनी त्वचा का बचाव कर सकते हैं। यहां हम आपको सनस्क्रीन के कुछ विकल्प बताने जा रहे हैं, ताकि आपकी त्वचा धूप से बची रहे। इन चीजों का इस्तेमाल करते समय बस ध्यान रखें कि ये चीजें हल्की धूप में ही काम करती हैं।

### नारियल का तेल

यदि आप नारियल के तेल का इस्तेमाल अपनी त्वचा पर नियमित रूप से करेंगे तो इससे भी आपकी त्वचा धूप की किरणों से बची रहेगी। ये एक प्राकृतिक मॉइस्चराइजर भी है, लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि



नारियल का तेल हमेशा कम धूप में ही काम करता है। लेकिन यदि आप ज्यादा तेज धूप में इसका इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपको फर्क अवश्य दिखाई देगा।

### एलोवेरा जेल

धूप की हानिकारक किरणों से आपकी त्वचा को बचाने में एलोवेरा जेल आपकी मदद करेगा। ये सबसे आसान विकल्प है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको सिर्फ ताजे एलोवेरा जेल को अपनी त्वचा पर अच्छी तरह से लगाना है। इसे लगाकर आप घर के बाहर भी जा सकते हैं। इससे आपकी त्वचा पर एक पतली लेयर बन जाएगी जो आपकी त्वचा को बचाकर रखेगी।

### कार्नर न्यूज

### आंखें दिखेगी बोल्ड और खूबसूरत, खास टिप्स आपको देंगे सेलिब्रिटी जैसा स्मोकी आई

## आंखें दिखेगी बोल्ड और खूबसूरत, खास टिप्स आपको देंगे सेलिब्रिटी जैसा स्मोकी आई लुक

अपने चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए महिलाएं मेकअप का इस्तेमाल करती हैं। ऐसे में अब आप अपनी आंखों को खूबसूरत दिखाने के लिए घर पर रहकर खास मेकअप कर सकती हैं। आइए मेकअप आर्टिस्ट से जानते हैं इसके बारे में। अधिकतर महिलाएं अपने चेहरे को खूबसूरत बनाने के साथ-साथ कई चीजों का ध्यान रखती हैं। वे अपने चेहरे पर मेकअप के अलावा आंखों को खूबसूरत बनाने के लिए भी कई तरह की कोशिश करती हैं। अगर आप भी अपनी आंखों को खूबसूरत बनाना चाहती हैं और इसके लिए परफेक्ट आई मेकअप करना चाहती हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। यह खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको मेकअप आर्टिस्ट की मदद से कुछ आसान टिप्स बताएंगे, जो आपकी आंखों को खूबसूरत बनाने में मदद करेंगे।

आंखों को खूबसूरत बनाने के टिप्स मेकअप आर्टिस्ट और ब्यूटी एक्सपर्ट छाया, जिन्हें मेकअप का करीबन 7 साल से ज्यादा का



अनुभव है, उन्होंने बताया कि चेहरे को खूबसूरत बनाने के साथ-साथ आंखों को खूबसूरत बनाने के लिए भी महिलाएं नकली आईलैशेज और लेंस का इस्तेमाल करती हैं, लेकिन अब आप इन चीजों के बिना ही अपनी आंखों को अट्रैक्टिव और खूबसूरत बना सकती हैं।

### आई मेकअप के लिए आसान स्टेप्स

मेकअप आर्टिस्ट छाया ने आगे बताया कि आंखों का घर पर मेकअप करने के लिए आपको कुछ आसान स्टेप्स को फॉलो करना होगा। आइए जानते हैं इन स्टेप्स के बारे में, जिसे फॉलो कर आप आंखों के साथ साथ अपने चेहरे को भी खूबसूरत बना सकती हैं। सबसे पहले आप पीएसी पैलेट की मदद से अपनी आइब्रोज को फील करें। फील करते वक्त आप आइब्रो के खाली हिस्सों को भरें और इसे नैचुरल शेप दें।

अब आप ब्रांडेड कंसीलर को अपनी पलकों पर लगाएं। इससे आंखों के आसपास का कालापन कम होगा और आईशैडो का रंग भी खिलकर आएगा। कंसीलर को क्रीज होने से बचाने के लिए आप स्किन टाइप का कॉम्पैक्ट पाउडर लें और उसकी मदद से इसे हल्का सा सेट कर लें। अब किसी अच्छी ब्रांड का जेल लाइनर लें और इसे लैश लाइन के पास लगाएं।

लाइनर के सूखने से पहले आप एक ब्रश की मदद से इसे हल्का सा स्मज करें। ऐसा करने से आंखों को स्मोकी और सॉफ्ट लुक मिलता है। इसके बाद अपनी पसंद का कोई भी आईशैडो पैलेट लें और फिर पैलेट में से ब्राउन आईशैडो लें और उसे अपनी पूरी पलक पर लगाएं। एक सॉफ्ट ब्लेंडिंग ब्रश लें और ब्राउन शेड को अच्छे से मर्ज करें ताकि कोई भी तीखी लाइन न दिखे। अपनी ब्रो बोन यानी आइब्रो के ठीक नीचे वाले हिस्से पर थोड़ा सा हाइलाइटर लगाएं। इससे आंखें बड़ी और उठी हुई दिखती हैं। अब आंखों की निचली वाटरलाइन पर काजल लगाएं और उसे हल्का सा मर्ज करें। आखिर में दोबारा वही जेल लाइनर लें और उसे अपनी आंखों के अंदरूनी हिस्से पर लगाएं।

